कोटद्वार, शुक्रवार
26 अप्रैल 2024
वर्ष: 45
अंक: 349 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com


## देश की महिलाओं को आरक्षण सिर्फ मोदी ने दिलाया: धामी



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि देश की महिलाओं को आरक्षण देने का काम अगर किसी ने किया तो वे सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। मोदी के नेतृत्व में हर वर्ग का ख्याल रखा जा रहा है और देश लगातार तरक्की कर रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने गुरुवार को तेलंगाना (हैदराबाद) में भाजपा प्रत्याशियों अरविंद पुरी और अरूरी रमेश के नामांकन के दौरान आयोजित अलग–अलग रोड शो व चुनावी सभाओं में यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में जब तक यूपीए सरकार रही, उसने सिर्फ लूटने का काम। एनडीए सरकार आते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी वर्गों की चिंता की और उनके कल्याण के लिए कई कदम उठाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आरक्षण देने का काम भी मोदी ने ही किया। वहीं मोदी सरकार ने पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में फंसे हमारे भाइयों को भी नागरिकता दिलाने का काम किया।

धामी ने कहा निजामाबाद के हल्दी किसान पिछले 40 सालों से हल्दी बोर्ड बनाने की मांग कर रहे थे, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। मोदी के नेतृत्व में ही तेलंगना हल्दी बोर्ड का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के कालेश्वर घोटाले को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली शराब घोटाले में भी बीआरएस के नेताओं के नाम सामने आए हैं। उन्होंने बीआरएस और कांग्रेस में इंटरनल पार्टनरशिप भी बताई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने उत्तराखंड में सख्त धर्मांतरण एवं लैंड जिहाद के खिलाफ कानून बनाया। भाजपा विकसित भारत और सशक्त भारत के निर्माण के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है।

### तिहाड़ जेल में दो गुट में संघर्ष
## संजय सिंह बोले– केजरीवाल के साथ कुछ हुआ तो किसकी जिम्मेदारी



नई दिल्ली। दिल्ली के तिहाड़ जेल में दो समुदायों के बीच में संघर्ष देखने को मिला है, हिंसक झड़प की वजह से जमीन पर तनाव पैदा हो गया है। अब आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने इसे एक बड़ा मुद्दा बना दिया है, उनकी नजरों में अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में ही बंद हैं और वहां पर अगर इस तरह की स्थिति रहेगी तो उनकी खुद की जान को भी एक बड़ा खतरा है। मीडिया से बात करते हुए आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि तिहाड़ जेल में तो कई हत्याएं हो चुकी हैं, जब मैं कहता हूं कि केजरीवाल की जिंदगी खतरे में है, जब मैं कहता हूं कि केजरीवाल के खिलाफ साजिश जा रही है, जब मैं कहता हूं कि उनकी जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है, कोई मुझ पर विश्वास नहीं करता। लेकिन आप खुद सोचिए अगर अरविंद केजरीवाल के साथ जेल में कुछ ऐसा हो गया, कौन इसकी जिम्मेदारी लेगा, विपक्ष वाले एक खतरनाक साजिश बना रहे हैं। अब ये कोई पहली बार नहीं है जब आम आदमी पार्टी ने अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा को बड़ा मुद्दा बनाया हो, जब से अरविंद केजरीवाल जेल में गए हैं, आप लगातार कह रही है कि उनकी जान को खतरा है, समय रहते उनको दवाइयां उपलब्ध नहीं करवाई जा रहीं, वहां पर दिल्ली सीएम की तबीयत खराब हुई है। लेकिन इस सब पर जेल प्रशासन ने दो टूक कहा है कि सुरक्षा में कोई समझौता नहीं किया गया है।

## हिमखंड काटकर सेना की टीम ने बनाया पैदल मार्ग



चमोली : हेमकुंड यात्रा मार्ग पर घांगरिया गुरुद्वारे से लगभग डेढ़ किमी. ऊपर मौजूद पहले हिमखंड को काटकर सेना और सेवादारों की टीम ने रास्ता बनाया। यहां पर लगभग पचास फीट लंबा एक हिमखंड पैदल मार्ग पर था। जिसे काटकर इसके बीचों बीच रास्ता बनाने का काम गुरुवार सुबह नौ बजे टीम ने शुरू किया। दोपहर बाद हिमखंड के बीचों–बीच पैदल आवाजाही के लिए मार्ग तैयार कर दिया गया। गोविन्दघाट गुरुद्वारे के प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि हेमकुंड के अंतिम पडाव घांघरिया से डेढ़ किमी. ऊपर तक पैदल मार्ग तैयार हो गया है। (एजेंसी)

### एक नजर

#### गोमुख के लिए दो पर्यटक दल रवाना

उत्तरकाशी : गोमुख तपोवन ट्रेक ट्रैकरों की आवाजाही के लिए खुल गया है। गुरुवार को गोमुख क्षेत्र के लिए 60 लोगों के दो अलग-अलग दल रवाना हुए। यहां रास्ते क्षतिग्रस्त होने और जगह-जगह हिमखंड आने से गोमुख रूट बंद पड़ा था, जिस कारण पार्क क्षेत्र के गेट खुलने के बाद भी कोई पर्यटक क्षेत्र में नहीं जा पाया। बीते एक अप्रैल को गंगोत्री नेशनल पार्क के गेट पर्यटकों की आवाजाही के लिए खुले थे। गोमुख तपोवन क्षेत्र को जाने वाले रास्ते क्षतिग्रस्त पड़े थे। यहां भोजवासा और चीड़वास के बीच स्थित कच्ची ढांग वाले एरिया में बारिश के कारण मलबा गिरने से रास्ते क्षतिग्रस्त थे। करीब ढाई किमी क्षेत्र में रास्ता बंद पड़े होने से गोमुख ट्रेक पर ट्रैकरों की आवाजाही पूरी तरह ठहरी हुई थी। विभागीय टीम रास्तों को खोलने में जुटी रही। बुधवार को गोमुख ट्रैक को जोड़ने वाले सभी रास्ते पूरी तरह खोल दिए गए। ट्रेक खुलते ही गुरुवार को कुल 60 लोगों का दो दल गोमुख क्षेत्र के लिए गया। हालांकि, गोमुख ट्रेक बंद होने के बावजूद गर्तांगली और नेलांग बॉर्डर पर पर्यटक काफी तादाद में पहुंचते रहे। पार्क क्षेत्र का यह रूट खुलने पर अब पर्यटकों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। इस क्षेत्र में हर साल लाखों की संख्या में ट्रैकर्स पर्वत चोटियों के आरोहण और सैर सपाटे के लिए पहुंचते हैं। भोजवासा और चीड़वासा के बीच कच्ची ढांग वाले एरिया में मलबा आने से रास्ते बंद पड़े थे। रास्तों को पूरी तरह दुरुस्त कर लिया गया है। 60 लोगों का दो अल–अलग ग्रुप भी गुरुवार को गोमुख ट्रेक के लिए निकला है।

#### एक हफ्ते से दहक रही नैनीताल के जंगलों में आग

नैनीताल। नैनीताल वन प्रभाग के जंगलों में लगी आग बुझने की नाम नहीं ले रही। एक हफ्ते से लगातार अलग–अलग जगहों पर जंगल जल रहे हैं। कोसी नदी किनारे से लगे चापड़ के जंगल में पिछले तीन दिनों से लगातार आग लगी हुई है। इस कारण पहाड़ी से पत्थर भी गिर रहे हैं। वहीं गुरुवार को भीमताल रोड स्थित नगारी गांव क्षेत्र के जंगल में आग लग गई। भीमताल भवाली सड़क से सटे नगारीगांव का जंगल 24 घंटे से लगातार जल रहा है। गुरुवार शाम तक पूरा जंगल जलकर राख हो गया। जंगल पिछले एक हफ्ते से लगातार जल रहे हैं। श्यामखेत भूमियाधार, नगारीगांव, साततााल, डोब ल्वेशाल, निगलाट के जंगल में आग के कारण वन संपदा को काफी नुकसान पहुंच रहा है। जंगलों से जानवर गांवों की तरफ भागकर आ रहे हैं। वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर टीम भेजी गई है। लगातार आग बुझाई जा रही है। कहा आग लगाने वालों पर नजर रखी जा रही है। पकड़ में आने पर कार्रवाई की जाएगी।

#### ज्ञानसू से ओपन टनल के पास लगी आग, कड़ी मशक्कत से बुझाई

उत्तरकाशी : जिला मुख्यालय उत्तरकाशी के बसुंगा गांव के पास बुधवार देर रात को अचानक आग भड़क उठी। जिससे जंगल पूरी तरह राख हो गया। आग ज्ञानसू बस्ती की ओर रूख करती वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह देर रात को ही आग पर काबू पा लिया। बुधवार रात करीब आठ बजे बाड़ाहाट रेंज के बसुंगा गांव के पास ओपन टनल के ऊपर स्थित पहाड़ी पर अचानक आग लग गई।

## मोदी और राहुल गांधी को ईसी का नोटिस, चुनावी भाषण को लेकर 29 अप्रैल तक मांगा जवाब



नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आचार संहिता उल्लंघनों का संज्ञान लिया है। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने धर्म, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर नफरत और विभाजन पैदा करने का आरोप लगाया था। ईसीआई ने 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है।

चुनाव आयोग ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 को लागू किया और स्टार प्रचारकों के व्यवहार के लिए पार्टी के अध्यक्षों को जिम्मेदार लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी के खिलाफ एमसीसी के आरोपों के उल्लघंन के लिए चुनाव आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक जवाब देने के लिए कहा है। कमीशन ने कहा कि उंचे पदों पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का असर ज्यादा गंभीर होता है।

**पीएम मोदी के खिलाफ शिकायत**

पीएम मोदी ने 21 अप्रैल को राजस्थान के बांसवाड़ा में कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों की संपत्ति को ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। साथ ही पीएम मोदी ने कहा था कि कांग्रेस के घोषणापत्र में लिखा है कि सरकार बनने पर मां–बहनों के गोल्ड का हिसाब करेंगे और उसकी जानकारी लेंगे। केवल इतना ही नहीं, पीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की उस टिप्पणी का भी जिक्र किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। पीएम मोदी की इस टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने इलेक्शन कमीशन से शिकायत की थी। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था।

**राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी ने दी शिकायत**

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अपनी रैलियों में भाषा और शब्दों के इस्तेमाल को लेकर इलेक्शन कमीशन में शिकायत दर्ज कराई थी। बीजेपी ने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी ने तमिलनाडु में भाषा के आधार पर लोगों के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास किया। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने दावा किया था कि राहुल गांधी अपने भाषणों में भाषा के आधार पर उत्तर और दक्षिण भारत को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपनी लिखित शिकायत में राहुल गांधी पर कठोर कार्रवाई की मांग की थी।

### तेलंगाना में दो भीषण सड़क हादसे: 10 लोगों की दर्दनाक मौत– दो घायल

हैदराबाद ,तेलंगाना के वारंगल और सूर्यापेट जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में दस लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बुधवार की रात वारंगल जिले के वर्धन्नापेट के पास वारंगल–खम्मम राष्ट्रीय राजमार्ग पर अकर स्ट्रीम पुल पर सत्रह वर्ष की आयु के चार युवाओं की उस समय मौत हो गयी जब उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर एक निजी ट्रैवल बस से टकरा गई। वर्धनपेट और येलांदा के रहने वाले छात्र गणेश, एम सिद्दू, वरुण तेज, पोन्नाला अनिल कुमार येल्लांदा से वर्धनपेट जा रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। एक अन्य दुर्घटना में छह गुरुवार तडक़े सूर्यापेट जिले में श्रीरंगपुरम, कोडाद के पास हैदराबाद–विजयवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार के एक स्थिर लॉरी से टकरा जाने से छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गये।

## किसान के बेटे ने जेईई मेन 2024 में किया टॉप

### 10वीं के बाद से शुरू कर दी थी तैयारी; 15 घंटे करता था पढ़ाई



नई दिल्ली । नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानि कि एनटीए ने गुरुवार को जेईई मेन सीजन 2 परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। यह रिजल्ट बुधवार शाम को घोषित किया गया था। सत्र 2 की परीक्षा में 56 उम्मीदवारों को 100 प्रतिशत मार्क्स मिले। 100 प्रतिशत मार्क्स हासिल करने वाले अधिकतर स्टूडेंट्स तेलांगाना के थे।

**कोटा से कोचिंग लेकर जेईई टॉपर बने नीलकृष्ण**

जेईई मेन 2024 सत्र 2 की परीक्षा में महाराष्ट्र के नीलकृष्ण गाजरे ने टॉप किया है। नीलकृष्ण अकोला जिले के बेलखेड़ गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने ऑल इंडिया पहली रैंकिंग हासिल की है। नीलकृष्ण के बारे में बात करें तो उन्होंने 10वीं के बाद से ही जेईई की तैयारी शुरू कर दी थी। इसके अलावा उन्होंने 15–15 घंटे पढ़ाई करके इस उपलब्धि को हासिल किया है। गाजरे ने जेईई की कोचिंग भी कोटा से ली थी। ये जानकारी उन्होंने न्यूज 18 के साथ बातचीत में बताई है।

**किसान के बेटे हैं नीलकृष्ण**

नीलकृष्ण गाजरे के पिता पेशे से किसान हैं और कड़े संघर्ष के बाद उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। जेईई की तैयारी के दौरान वह सबकुछ भूलकर सिर्फ और सिर्फ पढ़ाई करते थे।

## संदेशखाली मामले में एक्शन मोड में सीबीआई , पांच लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर



नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए यौन उत्पीड़न मामले में सीबीआई अब एक्शन मोड में आ गई है। कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने जमीन कब्जा और महिला उत्पीड़न से जुड़े अपराधों से संबंधित मामलों की चल रही जांच के संबंध में पांच लोगों और अज्ञात अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

**हाई कोर्ट के आदेश के बाद जांच तेज**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप करते हुए सीबीआई को संदेशखाली क्षेत्र में कई कथित अपराधों की जांच अपने हाथ में लेने का निर्देश दिया था। कथित तौर पर इन अपराधों में अवैध भूमि अधिग्रहण और महिलाओं के खिलाफ हिंसा और यौन उत्पीड़न के मामले शामिल हैं।

बड़े पैमाने पर महिलाओं के शोषण का आरोप

बड़े पैमाने पर आपराधिक गतिविधियों और पिछड़े वर्ग के शोषण के आरोपों के बाद सीबीआई का यह कदम आया है। एफआईआर सीबीआई द्वारा गहन जांच की शुरुआत को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य पीड़ितों को न्याय दिलाना और रिपोर्ट किए गए अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

**ये लगे हैं आरोप**

इससे पहले, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखाली में यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के कथित मामलों की अदालत की निगरानी में सीबीआई से जांच कराने का निर्देश दिया था। मामले में उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली की महिलाएं सत्तारूढ़ टीएमसी और उसके नेता शाहजहां शेख के खिलाफ सड़कों पर उतर आईं थी और शाहजहां और उनके सहयोगियों पर अत्याचार करने और उनकी जमीन भी हड़पने का आरोप लगाया।

### राम मंदिर व करतारपुर कॉरिडोर का जिक्रआचार संहिता का उल्लंघन नहीं

**चुनाव आयोग ने पीएम मोदी को दी क्लीन चिट**

नई दिल्ली , लोकसभा चुनाव 2024 की सरगर्मियों के बीच पीएम मोदी को बड़ी राहत मिली है। चुनाव आयोग ने पीएम मोदी को क्लीन चिट दे दी है। पीएम मोदी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत मामले में चुनाव आयोग का पहला फैसला आ गया है। सूत्रों के मुताबिक, चुनाव आयोग का मानना है कि यूपी की पीलीभीत वाली रैली में राम मंदिर और करतारपुर कॉरिडोर का जिक्रचुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है। चुनाव आयोग ने कहा कि वह राम मंदिर निर्माण के जिक्रको धर्म के आधार पर वोट की अपील नहीं मानता। चुनाव आयोग शिकायतकर्ता वकील आनंद जोंदाले को जल्द ही जवाब भेज सकता है। सूत्रों के अनुसार, चुनाव आयोग का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी सरकार की उपलब्धियों का जिक्रकर रहे थे और उनके बयान से किसी तरह की कटुता को बढ़ावा नहीं मिलता।

## वकीलों ने कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से लगाई गुहार



कोलकाता। कलकत्ता हाई कोर्ट के कुछ वकीलों ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने उनके उस बयान पर स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया है। जिसमें कथित तौर दावा किया गया है कि ममता बनर्जी ने कथित तौर पर यह बयान तब दिया है, जब कलकत्ता हाई कोर्ट ने शिक्षक भर्ती घोटाला केस में रिश्वत लेकर बहाल किए गए करीब 24 हजार टीचरों की नियुक्ति कैंसिल कर दी।

वरिष्ठ अधिवक्ता और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) नेता विकास रंजन भट्टाचार्य ने आज मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ से मुख्यमंत्री के खिलाफ उनके ह्लअवमाननापूर्णह्व बयानों के लिए कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया।

भट्टाचार्य ने कोर्ट से आग्रह किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बार–बार ऐसे अवमाननापूर्ण बयान दे रही हैं, ताकि आम जनता की नजर में कोर्ट की अहमियत कम हो। उन्होंने बेंच से कहा कि कोर्ट से मेरी गुजारिश है कि इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया जाए। जब तक कोर्ट इस मामले में सख्त नहीं हो जाता है। मैं इस पर आपराधिक अवमानना याचिका दायर कर सकता हूं, लेकिन इसके लिए मुझे पहले महाअधिवक्ता से इजाजत लेनी होगी, जो किसी भी कीमत पर नहीं मिल सकेगी। इसलिए, मैं हलफनामा दायर कर सकता हूं कि ये कथन हैं, लेकिन कृपया इस पर संज्ञान लें।

भट्टाचार्य ने आगे कहा, ह्ममीलॉर्ड, हर कोर्ट हम पर हंस रही है– यह क्या हो रहा है! कहा जा रहा है कि हाई कोर्ट को खरीद लिया गया है। हम आधी रात तक मेहनत करके माननीय न्यायलय के समक्ष मामले को रखते हैं। कोई भी यह आरोप कैसे लगा सकता है कि हाई कोर्ट के जज और पूरा हाई कोर्ट बिक गया है।ह्व इस पर बेंच ने पूछा कि क्या इस मामले पर कोई याचिका दायर की जा सकती है, ताकि मामले को रिकॉर्ड पर दर्ज किया जा सके।

## सीमा पर आतंक नहीं सहेगा भारत, पाक करे रिश्तों पर फैसला



नई दिल्ली। पिछले कुछ दिनों के दौरान पाकिस्तान के पीएम शाहबाज शरीफ की भतीजी व पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी व पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने भारत के साथ रिश्ते सुधारने की बात कही। इसके पहले विदेश मंत्री ईशाक दार ने कुछ ऐसे ही संकेत दिए थे। एक दिन पहले पीएम शरीफ के सामने पाकिस्तान के उद्योगपतियों ने भारत के साथ रिश्ते सुधारने की गुहार लगाई है ताकि देश की आर्थिक दुर्दशा को सुधारा जा सके।

ऐसे में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर का यह कहना है कि भारत के लिए सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा बहुत ही महत्वपूर्ण है और भारत के साथ रिश्ते कैसे रखना है इस बारे में पाकिस्तान को फैसला करना होगा। उनका संदेश साफ है कि सीमा पार आतंकवाद पर कार्रवाई करके ही पाकिस्तान भारत के साथ रिश्तों को सुधारने की बात कर सकता है।

**सीमा पार आतंकवाद पर भारत की नीति बदली**

दैनिक जागरण को दिए गए एक विशेष साक्षात्कार में विदेश मंत्री जयशंकर ने चीन व पाकिस्तान के साथ भारत के मौजूदा रिश्ते और इसके भविष्य को लेकर बेबाकी से बात की।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्ष 2014 के बाद से सीमा पार आतंकवाद को सहने की भारत की नीति पूरी तरह से बदल चुकी है। भारत ने पाकिस्तान को समझाने की कोशिश की है कि एक तरफ से भारत से सहयोग की बात और दूसरी तरफ आतंकवाद को समर्थन अब नहीं चलेगा। इस वजह से ही दक्षिण एशियाई देशों के बीच गठित सहयोग संगठन सार्क का भविष्य भी अधर में लटका हुआ है।

**पाकिस्तान पर क्या बोले विदेश मंत्री जयशंकर?**

जयशंकर ने कहा कि हर देश अपने पड़ोसी देश के साथ बेहतर रिश्ता चाहता है। पाकिस्तान के साथ हमारा मुख्य मुद्दा सीमा पार आतंकवाद ही है। यह पाकिस्तान को फैसला करना है कि उसे भारत के साथ कैसा रिश्ता रखना है। उन्हें अपने पुराने रवैये पर विचार करना चाहिए व सोचना चाहिए कि इससे उनके हित कितने लाभान्वित हुए हैं। अभी तक तो यह साफ हो जाना चाहिए कि इसका क्या असर हुआ है।

एलएसी पर क्या बोले एस जयशंकर?

इसके साथ ही चीन के साथ संबंधों के बारे में जयशंकर का कहना है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों के साथ कोई समझौता नहीं कर सकता। साथ ही चीन को यह समझना होगा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव का बने रहना ना तो भारत के हित में है और ना ही चीन के। लेकिन यहां भी भारत का रुख आगे भी इसी बात पर निर्भर करेगा कि चीन एलएसी पर तनाव को दूर करने के लिए क्या कदम उठाता है।

### दुनिया का दूसरा सबसे सस्ता पासपोर्ट बना भारतीय पासपोर्ट, इस मामले में टॉप पर रहा

नई दिल्ली , भारत का पासपोर्ट दुनिया में दूसरा सबसे सस्ता पासपोर्ट है, ऐसा एक स्टडी में पाया गया है। भारत का पासपोर्ट दूसरा सबसे सस्ता पासपोर्ट होने के साथ वैलिडिटी की सालभर की लागत के हिसाब से यह दुनिया का सबसे सस्ता पासपोर्ट है। स्टडी में यूएई का पासपोर्ट शीर्ष पर रहा है। ऑस्ट्रेलियाई फर्म कॉम्पेयर द मार्केट एयू ने अपनी स्टडी में विभिन्न देशों के पासपोर्ट की लागत को लेकर तुलना की है। स्टडी में पासपोर्ट की वैलिडिटी की हर साल लागत की भी तुलना की गई है। इसमें यह तुलना भी शामिल है कि किसी देश के पासपोर्ट का इस्तेमाल कर कितने देशों में वीजा फ्री एंट्री मिल सकती है। ऑस्ट्रेलियाई फर्म की तरफ से जारी प्रेस बयान के मुताबिक, 10 साल की वैलिडिटी के लिए भारतीय पासपोर्ट की कीमत 18.07 डॉलर (1,505 रुपये) है, जबकि यूएई 5 साल के पासपोर्ट के लिए 17.70 डॉलर (1,474 रुपये) का शुल्क लेता है।

## अरुणाचल में भारी बारिश के बाद भूस्खलन में बहा हाईवे

### चीन की सीमा से जुड़े इलाकों से कटा संपर्क



नई दिल्ली। अरुणाचल प्रदेश में भारी भूस्खलन के कारण राजमार्ग का एक बड़ा हिस्सा बह गया है, जिससे चीन की सीमा से लगे जिले दिबांग घाटी से सड़क संपर्क बाधित हो गया है।

इस हादसे के बाद अरूणांचल प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रेमा खांडू ने ट्वीट कर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा कि हुनली और अनिनी के बीच राजमार्ग को व्यापक क्षति के कारण यात्रियों को होने वाली असुविधा के बारे में जानकर परेशान हूं। जल्द से जल्द कनेक्टिविटी बहाल करने के निर्देश जारी किए गए हैं क्योंकि यह सड़क दिबांग घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ती है। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी वर्षा के कारण कल जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग–313 पर हुनली और अनिनी के बीच भारी भूस्खलन हुआ। वीडियो में देखा जा सकता है कि राजमार्ग का एक हिस्सा गायब हो गया है, जिससे वाहनों का दूसरी ओर जाना असंभव है और स्थानीय लोगों और सुरक्षा बलों के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई हैं, जो इस कठिन इलाके में राजमार्ग को जीवन रेखा मानते हैं।

## संपादकीय

# महत्वहीन बने सामाजिक मुद्दे

19 अप्रैल को पहले चरण का चुनाव संपन्न होने के बाद अब सब की निगाहें दूसरे चरण के चुनाव पर है जिसमें मणिपुर समेत 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 88 सीटों के लिए मतदान होना है। दूसरे चरण का चुनाव इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इसमें सर्वाधिक सीटें केरल की है जहां 20 लोकसभा सीटों पर मत डाले जाने हैं। केरल कांग्रेस का गढ़ माना जाता है और जिस प्रकार के हालात पहले चरण के चुनाव के बाद देखने को मिले हैं इसके बाद सब की निगाहें केरल पर हैं। इस बार मणिपुर समेत 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 88 सीटों के लिए वोटिंग होनी है। मणिपुर की बाहरी मणिपुर लोकसभा सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है, जबकि 13 अन्य विधानसभा क्षेत्रों में दूसरे चरण में मतदान होना है। दूसरे चरण में 1198 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर है। पहले चरण में जिस प्रकार से कुछ राज्यों में कम मतदान देखने को मिला उससे बड़े दल चिंतित हैं और यही कारण है कि दूसरे चरण के चुनाव से पूर्व कुछ ऐसी बयानबाजियां सुनने को मिली है जिसके बाद राजनीतिक सरगर्मियां भी काफी तेजी से बढ़ी है। दूसरे दौर में केरल की सभी 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ–आठ, मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच–पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन–तीन और जम्मू–कश्मीर और त्रिपुरा की एक–एक सीट शामिल है। प्रथम चरण के चुनावों से पूर्व कुछ बुनियादी मुद्दों पर जरूर राजनीतिक मंचों से नेताओं के वादे सुनाई पड़ते थे लेकिन इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भाषण के बाद तो पूरा माहौल ही बदल गया और अब लगता है कि बुनियादी मुद्दों से भटक कर समूचा चुनाव प्रचार केवल धार्मिक समीकरण पर आकर टिक गया है। मतदान में भी बदली हुई इन परिस्थितियों का असर देखने को मिलेगा। वैसे भी लोकसभा चुनावों की घोषणा के बाद से ही आमजन से जुड़े मुद्दे हाशिए पर ही नजर आ रहे थे और इसके स्थान पर जनता को धर्म और जाति की दुहाई देकर वोट मांगने के प्रयास नजर आ रहे थे। यदि धर्म के नाम पर ही राजनीति होनी है तो फिर समझ लेना चाहिए किसामाजिक दृष्टि से इसके परिणाम अच्छे मिलने वाले नहीं है। खासतौर से उन परिस्थितियों में जब दो वर्गों को समाज में बांटने का प्रयास किया जा रहा हो। बड़े राजनीतिक मंचों से दिए जाने वाले बयान पूरे समाज पर अपना असर डालते हैं और यदि इसमें किसी एक खास धर्म को टारगेट कर लिया जाए तो फिर समझ लेना चाहिए कि जनहित के मुद्दों का अब कोई महत्व नहीं रह गया है। निश्चित तौर पर दूसरे दौर के चुनाव में काफी कुछ बदला हुआ नजर आएगा जो न केवल चुनाव परिणाम पर असर डालेगा बल्कि दूसरे चरण के बाद होने वाले मतदान पर भी इसका प्रभाव देखने को मिलेगा।

# देश के आम आदमी की चिंता कौन करे?

—अशोक मधुप

आवारा पशुओं के कारण देश में दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इन दुर्टनाओं में बड़ी तादाद में वाहन चालक या पैदल मर रहे हैं। मरने से कई गुना ज्यादा घायल हो रहे हैं, किंतु किसी को इनकी चिंता नहीं। चिंता है तो सड़कों और गली में घूमने वाले आवारा पशुओं की। जब भी सड़क के इन पशुओं के विरूद्ध कार्रवाई की बात होती है, तो इन पशुओं के कल्याण में लगे संगठन विरोध में उतर आते हैं। वे सड़क के पशुओं की बात करते हैं। उनकी चिंता करते हैं। इनसे टकराकर मरने और घायल होने वालों की चिंता किसी को नहीं। आखिर सड़क पर चलने वाले पैदल या वाहन चालक की सुरक्षा और उसके अधिकार की भी कौन करेगा? उनकी भी तो बात होनी चाहिए। उनकी सुरक्षा की चिंता भी की जान चाहिए। उनकी हिफाजत की भी तो चिंता की जानी चाहिए।

दो साल पुरानी सरकारी जानकारी के अनुसार देश में 2.03 करोड़ लावारिस पशु हैं। इनके हमले से हर दिन तीन व्यक्तियों की मौत होती है। 3 साल में 38,00 लोगों ने गंवाई। देश में आवारा पशुओं के हमलों से रोजाना होने वाली मौतों को लेकर केंद्र सरकार ने फरवरी में एक रिपोर्ट तैयार की। साल 2019 की गणना के हिसाब से देश में आवारा पशुओं की संख्या 2.03 करोड़ आंकी गई है। देश के महानगरों में सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण आवारा कुत्ते, गाय और चूहे जैसे जानवर हैं। यह बात अग्रणी टेक–फर्स्ट बीमा प्रदाता कंपनी एको की एको एक्सीडेंट इंडेक्स 2022 रिपोर्ट में सामने आई। रिपोर्ट के अनुसार, देश में सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण जानवर थे, खासकर चेन्नई में जानवरों के कारण सबसे अधिक तीन प्रतिशत से ज्यादा दुर्घटनाएं दर्ज हुई हैं। इसमें कहा गया है कि दिल्ली और बेंगलुरु में जानवरों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या दो प्रतिशत थी। देश के महानगरों में जानवरों के कारण होने वाले दुर्घटनाओं में कुत्तों के कारण 58.4 प्रतिशत तथा इसके बाद 25.4 प्रतिशत दुर्घटनाएं गायों के कारण हुईं। रिपोर्ट के अनुसार, आश्चर्यजनक बात यह है कि चूहों के कारण 11.6 प्रतिशत दुर्घटनाएं हुईं। कंपनी के अनुसार, इस दुर्घटना सूचकांक में बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, और मुंबई सहित मुख्य महानगरों में हुई दुर्घटनाओं का विवरण दिया गया है। ये कागजी आंकड़े हैं। ये महानगरों के हालात हैं। गांव में इन दुर्घटनाओं में मौत और घायलों का आंकड़ा और भी कई गुना ज्यादा होगा। अभी देश की प्रमुख चाय कंपनियों में से एक वाघ बकरी चाय के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पराग देसाई का निधन हो गया है। मीडिया खबरों के मुताबिक 49 साल के पराग पिछले हफ्ते अहमदाबाद में मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान आवारा कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। खुद को बचाने में वह फिसलकर गिर गए और उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया था। उनका अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। ये बड़े आदमी थे, इसलिए खबरों में आ गए, गांव देहात में तो कोई इस और ध्यान भी नहीं देता। हाल में उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक बच्चे को गाय ने हमला करके घायल कर दिया।



**दो साल पुरानी सरकारी जानकारी के अनुसार देश में 2.03 करोड़ लावारिस पशु हैं। इनके हमले से हर दिन तीन व्यक्तियों की मौत होती है। 3 साल में 38,00 लोगों ने गंवाई। देश में आवारा पशुओं के हमलों से रोजाना होने वाली मौतों को लेकर केंद्र सरकार ने फरवरी में एक रिपोर्ट तैयार की। साल 2019 की गणना के हिसाब से देश में आवारा पशुओं की संख्या 2.03 करोड़ आंकी गई है। देश के महानगरों में सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण आवारा कुत्ते, गाय और चूहे जैसे जानवर हैं। यह बात अग्रणी टेक–फर्स्ट बीमा प्रदाता कंपनी एको की एको एक्सीडेंट इंडेक्स 2022 रिपोर्ट में सामने आई।**

उत्तर प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह भी मानते हैं कि उत्तर प्रदेश में चार लाख से ज्यादा आवारा पशु हैं, जिन्हें अभी गौशाला भेजना बाकी है। हालांकि गौशालाओं में पहले ही दो लाख से ज्यादा गौवंश मौजूद है। हरियाणा में सड़कों पर घूम रहे गौवंश के कारण रूप में हर माह 10 लोग जान गंवा रहे हैं। भारत सरकार के स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय ने पिछले साल संसद में हुए एक सवाल का जवाब देते हुए बताया था कि 2019, 2020, 2021 और 2022 में देश में लोगों पर कुत्तों के कुल कितने हमले हुए हैं। इस जवाब के अनुसार, साल 2019 में 72 लाख 77 हजार 523 कुत्तों के हमले रिपोर्ट हुए। वहीं साल 2020 में कुल 46 लाख 33 हजार 493 कुत्तों के हमलों रिपोर्ट हुए, जबकि साल 2021 में कुल 1701133 कुत्तों के काटने के मामले रिपोर्ट हुए।

वहीं साल 2022, जुलाई तक भारतीय लोगों पर हुए कुत्तों के हमले की कुल संख्या स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, 14 लाख 50 हजार 666 थी। इन हमलों में कई लोगों ने अपनी जान भी गंवाई है। ये हमले आवारा और पालतू दोनों कुत्तों के हैं। इसके साथ ही इन हमलों के शिकार, बच्चे, बुजुर्ग और जवान तीनों हुए हैं।

आवारा कुत्तों के काटने से आपको रेबीज नाम की बीमारी हो जाती है। ये बीमारी इतनी घातक होती है कि अगर समय पर इसका इलाज नहीं कराया गया तो मरीज की मौत भी हो सकती है। साल 2018 में मेडिकल जर्नल लैंसेट में छापी इस रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत में हर साल 20 हजार लोग रेबीज के कारण मरते हैं।

इनमें से ज्यादातर रेबीज के मामले कुत्तों द्वारा इंसानों तक पहुंचे हैं। ऐसा नहीं है कि हर कुत्ते के काटने से आपको रेबीज हो सकता है, लेकिन ज्यादातर आवारा कुत्तों के काटने से रेबीज का खतरा रहता है। कुत्तों के इन हमलों के सबसे ज्यादा शिकार छोटे बच्चे और जवान होते हैं। दिल्ली और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में तो हिंदुओं के गाय प्रेम का पशुपालक अनुचित लाभ उठा रहे हैं।

# युवाओं में हार्ट अटैक:सिर्फ एक नहीं, कारण अनेक

—अतुल मलिकराम

यार उसे हार्ट अटैक कैसे आ सकता है? वह तो हट्टाकट्टा जवान और एकदम फिट था! पिछले दो–चार सालों में हार्ट अटैक के कुछ आश्चर्यजनक मामले देखने के बाद आपके भी जहन में यह सवाल जरूर उठा होगा। जहां हार्ट अटैक को कभी बुजुर्गों को होने वाली बीमारी समझा जाता था, वह आज 25 से 40 आयु वर्ग के युवाओं के दिलों को भी अपनी चपेट में लेने लगा है। कोई क्रिकेट खेलते हुए अचानक हार्ट अटैक का शिकार हो जाता है, तो कोई डांस करते–करते दिल पकड़कर भगवान को प्यारा हो रहा है, कोई जिम में एक्सरसाइज करते हुए तो कोई योग–ध्यान में बैठे–बैठे ही अपने दिल की धड़कनों को थमते हुए देख रहा है। ऐसे मामले सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में काफी देखने को मिल रहे हैं। लेकिन हार्ट अटैक के मामले में कुछ ऐसे नाम भी सामने आए हैं, जिनकी लाइफस्टाइल देखकर कोई अंदाजा भी नहीं लगा सकता कि उन्हें दिल का दौरा पड़ सकता है, जैसे बिग बॉस विनर और यूथ आइकॉन सिद्धार्थ शुक्ला, मशहूर प्लेबैक सिंगर केके और महज 25 साल के तमिल व हिन्दी टीवी एक्टर पवन सिंह... ।जब अपनी हेल्थ और फिटनेस को लेकर बेहद एलर्ट रहने वाले ये सेलिब्रिटीज भी हार्ट अटैक का शिकार हो सकते हैं, तो जाहिर तौर पर मामला गंभीर और डराने वाला है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की एक रिपोर्ट बताती है कि भारत में 40–69 साल के आयु वर्ग में होने वाली मौतों में से 45 प्रतिशत मामले दिल की बीमारियों के होते हैं। तो अब सवाल यह है कि भारत में खासकर युवाओं में दिल की बीमारियां आखिर इतनी तेजी से घर क्यों कर रही हैं? क्या स्ट्रेस इसका प्रमुख कारण है? जवाब हां या न जो भी हो, लेकिन इससे निजात पाने के लिए हम सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से क्या प्रयास कर रहे हैं, यह गौर करने वाली बात है।

मेडिकल एक्सपर्ट्स की मानें, तो भारतीय युवाओं की लाइफस्टाइल में हो रहे अंधाधुंध बदलाव, इसका एक प्रमुख कारण हो सकते हैं, जो उनके शरीर में डायबिटीज, मोटापा, बीपी या बैड कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियों को बढ़ावा दे रहे हैं और ये बीमारियां सीधे तौर पर हार्ट अटैक के खतरे को दिन–प्रतिदिन बढ़ावा दे रही हैं। हालांकि लाइफस्टाइल के साथ–साथ रिलेशनशिप से जुड़े भावुक मामले, घर से अधिक बाहरी खाने पर निर्भरता, ऑफिस के काम का जरुरत से अधिक प्रेशर व स्ट्रेस, डेली रूटीन पर न के बराबर ध्यान, सोने का लगातार कम होता समय और शौक के चक्कर में अत्यधिक शराब व सिगरेट का सेवन, जैसी आदतें भी युवा दिलों को बीमार करने का कारण बन रही हैं। ऐसे में हम सीधे तौर पर स्ट्रेस को युवाओं में हार्ट अटैक से जोड़कर नहीं देख सकते, बल्कि उपरोक्त कारणों के आधार पर खुद की दिनचर्या में झांकने और उसे सुधारने की जरुरत के हिसाब से भी समझ सकते हैं। स्ट्रेस एक कारण जरूर हो सकता है, लेकिन वह है क्यों, उसे समझने की क्षमता विकसित करना बहुत जरुरी है। डॉक्टर्स या हेल्थ एक्सपर्ट्स आपको आपका दिल तंदरुस्त रखने के कई उपायए जैसे आपकी डाइट में ओमेगा फैटी एसिड से भरपूर चीजें और हरी सब्जियां शामिल करने का सुझाव दे सकते हैं, लेकिन आप खुद को और अपने दिल को कितना समझते हैं, इसका रास्ता आपको खुद ही निकालना होता है। कॉम्पिटिशन के इस दौर में चीजें तेजी से भाग रही हैं, लेकिन युवा ठहरे हुए हैं। घंटों कुर्सी पर बैठे काम करना हो या मार्केटिंग के लिए दिनरात भटकना हो, लग्जरी लाइफस्टाइल के चक्कर में लाखों रुपए के लोन का बोझ सिर पर ढोना हो या फिर दुनिया क्या कहेगी के फेर में फंसना हो, इन सब के बीच यदि युवा पीढ़ी खुद से खुद को डिसिप्लिन रखने का फैसला करती है तो निश्चित ही तमाम उलझनों और तनाव के बाद भी दिल को मजबूत रख सकता है। डिसिप्लिन से अर्थ खुद से किए गए कुछ नेक वादे हैं, जो आपको सूरज के उगने से पहले उठने और सूरज की तरह चमकने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। जाहिर तौर पर खान–पान और व्यायाम में अनुशासन आपको मानसिक रूप से विपरीत परिस्थितियों से लड़ने की शक्ति देगा। अंत में बस इतना ही कह सकता हूं कि जिसे तूफान से उलझने की हो आदत मोहसिन, ऐसी कश्ती को समंदर भी दुआ देता है।

# भारत दुनिया का तीसरा सबसे प्रदूषित देश

सुनीता शर्मा

स्विस संगठन आईक्यूएयर की ओर से हाल ही में जारी विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 के मुताबिक, बिहार का बेगूसराय दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरी क्षेत्र के रूप में उभरा है, जबकि दिल्ली सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाला राजधानी शहर रहा है। औसत वार्षिक पीएम 2.5 सांद्रता 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के साथ भारत साल 2023 में बांग्लादेश (79.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) और पाकिस्तान (73.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) के बाद 134 देशों में से तीसरा सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाला देश रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रदूषण की स्थिति लगातार बिगड़ रही है और यह दुनिया का तीसरा सबसे प्रदूषित देश बन गया है। वहीं वायु गुणवत्ता के मामले में दिल्ली फिर से दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बन गई है।

भारत की वायु गुणवत्ता केवल दो देशों बांग्लादेश और पाकिस्तान से बेहतर है। 134 देशों में से बांग्लादेश पहले और पाकिस्तान दूसरे स्थान पर रहा है। ये दोनों भारत को पछाड़कर क्रमशः दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में शुमार हो गए। गौरतलब है कि साल 2022 में भारत इस सूची में आठवें स्थान पर था। इस साल भारत में पीएम 2.5 की औसत सांद्रता 53.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी। वहीं साल 2023 में बिहार के बेगूसराय को दुनिया का सबसे प्रदूषित महानगरीय क्षेत्र करार दिया गया है। इसकी औसत पीएम 2.5 सांद्रता 118.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी। दिलचस्प बात यह है कि बेगूसराय 2022 की सूची में कहीं नहीं था। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाली राजधानी बन गई है। 2023 में दिल्ली का पीएम 2.5 स्तर और ज्यादा खराब होकर 92.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हो गया है। साल 2022 में यह 89.1 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। यह लगातार चौथी बार है, जब दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी के रूप में उभरी है। वहीं लगभग 1.36 अरब भारतीय नागरिकों को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से चिह्नित अनुशंसित स्तर से अधिक पीएम 2.5 सांद्रता का सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डब्ल्यूएचओ ने वार्षिक दिशा–निर्देश स्तर 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर निर्धारित किया है।


लगभग 96 प्रतिशत भारतीय आबादी यानी कि करीब 1.33 अरब लोगों को पीएम 2.5 के अनुशंसित स्तर से सात गुना बढ़े हुए स्तर का सामना करना पड़ता है। 66 प्रतिशत से अधिक भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण का वार्षिक औसत 35 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक दर्ज किया गया है। आईक्यूएयर की इस रिपोर्ट को बनाने के लिए उपयोग किया गया डाटा 30,000 से अधिक नियामक वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों और अनुसंधान संस्थानों, सरकारी निकायों, विश्वविद्यालयों और शैक्षिक सुविधाओं, गैर–लाभकारी तथा गैर– सरकारी संस्थाओं की ओर से संचालित कम लागत वाले वायु गुणवत्ता सेंसर के वैश्विक वितरण से एकत्र किया गया था।

इससे पहले साल 2022 की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में 131 देशों और क्षेत्रों के 7,323 स्थानों का डाटा शामिल था। साल 2023 में यह संख्या बढ़कर 134 देशों और क्षेत्रों में 7,812 स्थानों तक पहुंच गई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनियाभर में हर साल तकरीबन 70 लाख लोगों की वायु प्रदूषण के कारण समय से पहले मौत हो जाती है। पीएम 2.5 वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से कई स्वास्थ्य स्थितियां पैदा होती हैं और बिगड़ जाती हैं, जिनमें अस्थमा, कैंसर, स्ट्रोक और फेफड़ों की बीमारी शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि वायु प्रदूषण के कारण सूक्ष्म कणों के ऊंचे स्तर के संपकर में आने से बच्चों का विकास रुक सकता है, मानसिक समस्याओं और मधुमेह सहित कई जटिल बीमारियां हो सकती हैं।

# बॉक्सिंग ड्रामा मैं लड़ेगा का दमदार ट्रेलर हुआ रिलीज

आकाश प्रताप सिंह अभिनीत फिल्म मैं लड़ेगा का ट्रेलर रिलीज हो गया है. फिल्म में आकाश प्रताप सिंह ने एक ऐसे बॉक्सर की भूमिका निभाई है, जो अपनी मां को उसके पिता से बचाने के लिए लड़ता है. ट्रेलम में दिखाया गया है कि किस तरह से एक साधारण लडक़ा एक बॉक्सर बन जाता है. फिल्म 26 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. सच्ची घटना पर आधारित इस फिल्म को कथकार फिल्म्स के अंतर्गत अक्षय भगवानजी और पिनाकिन भक्ता द्वारा निर्मित किया गया है. फिल्म का निर्देशन गौरव राणा ने किया है. फिल्म की कहानी भी आकाश प्रताप सिंह ने ही लिखी है.

मैं लड़ेगा एक छोटे शहर के परिवार की कहानी है, जहां मां को लगभग हर दिन अपने पति से घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। और यह अप्रिय माहौल आकाश के किरदार पर एक छाप छोड़ देता है। वह खुद को घर से दूर कर लेता है और बड़ा होकर एक मुक्केबाज बॉक्सर बन जाता है और वह इस टॉक्सिक पितृसत्ता से लड़ता है और अपने पिता से भिड़ जाता है, जो कई सालों से उसकी मां पर अत्याचार कर रहे थे। एक्शन से भरपूर, यह फिल्म भावनात्मक कहानी के साथ दर्शकों के दिलों को निश्चित रूप से झकझोर रख देगी।यह पोस्टर वास्तव में तनावपूर्ण पारिवारिक समीकरण और एक बेटे के अपनी मां के प्रति प्रबल प्रेम को दर्शाता है। दिल के आकार के बॉक्स दस्तानों के बीच में सेट की गई एक फटी हुई पारिवारिक तस्वीर को दिखाते हुए कहानी के भीतर पनप रहे तूफान की ओर इशारा करता है।अक्षय भगवानजी और पिनाकिन भक्त द्वारा निर्मित इस फिल्म को मुख्य अभिनेता आकाश प्रताप सिंह ने लिखा है। मैं लड़ेगा का निर्देशन गौरव राणा ने किया है। अक्षय भगवानजी और आकाश प्रताप सिंह द्वारा स्थापित कथाकार फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत और निर्मित मैं लड़ेगा 26 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




## सुपर संडे के दिन मैच हारने वाले कप्तानों पर लगा जुर्माना

नई दिल्ली, आईपीएल 2024 में सुपर संडे का क्रिकेट फैंस ने जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान विराट के विकेट पर बवाल से लेकर मैच हारने वाले कप्तानों पर लगा जुर्माना क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय रहा। संडे स्पेशल में डबल हेडर मुकाबले का पहला मैच केकेआर और आरसीबी के बीच खेला गया। जबकि दूसरा मुकाबला जीटी और पंजाब के बीच था। दिन के हाई स्कोरिंग मैच में केकेआर ने आरसीबी को मात्र 1 रन से हराया। वहीं, जीटी और पंजाब के बीच मैच लो स्कोरिंग जरूर रहा लेकिन टक्कर कांटे की रही जहां जीटी ने 3 विकेट से जीत दर्ज की।

मगर इस रोमांच के बीच एक बड़ी दिलचस्प घटना घटी जहां इस दिन मैच हारने वाली टीमों पर जुर्माना लगाया गया। हालांकि, सवाल है कि ये जुर्माना क्यों लगा? क्या ये इसलिए लगा था कि टीम हार गई या फिर वजह कुछ और थी?

# 'अगर टी20 वर्ल्ड कप जीतना चाहते हैं तो...' नवजोत सिंह सिद्धू ने कोच राहुल द्रविड़ को दी खास सलाह

नई दिल्ली। भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम को लेकर बहस तेज हो गई है। उस बहस में भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज नवजोत सिंह सिंद्धू भी शामिल हो गए हैं। आईपीएल के मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए उन्होंने भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को एक खास सलाह दी।

सिद्धू ने स्टार स्पोर्ट्स पर आस्क स्टार सेगमेंट में एक फैंस के सवाल का जवाब देते हुए कहा, राहुल द्रविड़ को मेरी सीधी सलाह है कि अगर आप इस टी20 वर्ल्ड कप जीतना चाहते हैं तो पांच विकेट लेने वाले विशेषज्ञ गेंदबाज को टीम में रखें। सिंद्धू ने द्रविड़ को किसी भी तरह का समझौता न करने की सलाह दी।

राहुल द्रविड़ को दी सलाह

वहीं, सिंद्धू ने टीम में स्पिनरों के रूप में लेगस्पिनर रवि बिश्नोई का नाम लेते हुए रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव का नाम लिया। वहीं, तेज गेंदबाज के रूप में खलील अहमद, मुकेश कुमार, मोहसिन खान और मयंक यादव ( अगर वह फिट हैं तो) का नाम लिया।



# तापसी और रकुल की शादी मेरे लिए काफी भावुक पल था : लक्ष्मी मांचू

एक्ट्रेस लक्ष्मी मांचू ने खुलासा किया है कि उनकी खास दोस्त तापसी पन्नू और रकुल प्रीत सिंह की शादियों के दौरान उनकी भूमिका सबसे अच्छी थी।

तापसी ने 23 मार्च को उदयपुर में अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड मैथियास बो के साथ शादी की, जबकि रकुल ने 21 फरवरी को गोवा में एक्टर–प्रोड्यूसर जैकी भगनानी के साथ सात फेरे लिए।

लक्ष्मी ने बताया कि उन्होंने अपनी दोस्त तापसी और रकुल की शादी में दुल्हन की सहेली की भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, मेरे पास दुल्हन की सहेली की बड़ी जिम्मेदारी थी। रकुल को सेट पर रहना ज्यादा पसंद था।

रकुल चाहती थी कि हर कोई समय पर आए, समय पर वहां पहुंचे और समय से तैयार रहे। मुझे लगता है कि वह इसको लेकर काफी गंभीर थी।

इसके बाद 46 वर्षीय एक्ट्रेस ने तापसी की शादी के बारे में बात करते हुए इसे कूल बताया।

तापसी बिल्कुल ऐसी है, शांत। जब तुम्हें वहां आना हो तो आ जाओ। इसलिए उन दोनों के साथ यह बिल्कुल अलग था।

एक्ट्रेस ने कहा कि उनकी शादियों को देखना उनके लिए इमोशनल मोमेंट था।

लक्ष्मी ने कहा, उन दोनों की शादी मेरे लिए बहुत इमोशनल मोमेंट था, क्योंकि हमारी दोस्ती 10 सालों से भी ज्यादा समय की है। उन्हें न केवल अपने करियर के साथ, बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ के साथ भी पूरी तरह से जुड़ते हुए देखना, मेरा लिए बेहद खास था। मैं बस इतना ही कह सकती हूं।

## रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड थलाइवर171 का टाइटल कूली का टीजर रिलीज

पैन इंडिया सुपरस्टार रजनीकांत की थलाइवर 171 मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. फैंस इसकी हर एक अपडेट के इंतजार में रहते हैं. इसके कलाकारों की अनाउंसमेंट करने के बाद अब मेकर्स फाइनली इसके टाइटल को रिवील करने वाले हैं वो भी शानदार टीजर के साथ. हाल ही में मेकर्स ने थलाइवा की अपकमिंग फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया और साथ ही इसके टाइटल को रिवील करने की अनाउंसमेंट किया. अब फाइनली इसका नाम रिवील हो गया है.

रजनीकांत की 171वीं फिल्म के टाइटल का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे. अब आखिरकार उनका इंतजार खत्म हुआ और थलाइवा की फिल्म का नाम सामने आ गया है. मेकर्स ने जबरदस्त टीजर के साथ फिल्म का नाम रिलीज किया है. थलाइवर 171 का टाइटल अब कूली है.

# 17 साल की इंडोनेशियाई गेंदबाज ने टी20 में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

नई दिल्ली। इंडोनेशियाई गेंदबाज रोहमालिया रोहमालिया ने टी20 के क्रिकेट में असाधारण गेंदबाजी करते हुए नया इतिहास रच दिया है। 17 साल की रोहमालिया ने 3.2 ओवर में बिना कोई रन दिए 7 विकेट लेने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड नीदरलैंड की फ्रेडरिक ओवरडिज्क के नाम था, जिन्होंने 2021 में आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप क्वालीफायर के एक मैच के दौरान फ्रांस के खिलाफ 4–2–3–7 की घातक गेंदबाजी की थी।

उदयन क्रिकेट ग्राउंड में पांच मैच की सीरीज के आखिरी टी20 में मंगोलिया के खिलाफ रोहमालिया रोहमालिया ने घातक गेंदबाजी की। रोहमालिया ने 3.2–3–0–7 का असाधारण प्रदर्शन करते हुए इतिहास रचा। रोहमालिया रोहमालिया चौथी ऐसी गेंदबाज बनीं, जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 7 विकेट लेने का कमाल किया है। रोहमालिया ने 2019 में मालदीव के खिलाफ नेपाल की अंजलि चंद के 2.1–2–0–6 के स्पैल को पीछे छोड़ते हुए टी20क डेब्यू में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।



**सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े (पुरुष और महिला)**

रोहमालिया रोहमालिया (इंडोनेशिया महिला): मंगोलिया के खिलाफ 3.2–3–0–7, 2024

फ्रेडरिक ओवरडिज्क (नीदरलैंड महिला): फ्रांस के खिलाफ 4–2–3–7, 2021

एलिसन स्टॉक्स (अर्जेंटीना महिला): पेरू के खिलाफ 3.4–0–3–7, 2022

सयाजरुल एजात इद्रस (मलेशिया पुरुष): चीन के खिलाफ 4–1–8–7, 2023

इंडोनेशिया ने जीता मैच

बात करें मैच की तो इंडोनेशिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाए। मेजबान टीम के लिए नी पुतु अयु नंदा सकारिनी ने 44 गेंद पर 6 चौकों और एक छक्के की मदद से 61 रन बनाए। मेंदबयार एनखज़ुल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने 4 ओवर के कोटे में 29 रन देकर 4 विकेट चटकाए।

# चार धाम यात्रा तोड़ेगी पिछले सारे रिकार्ड : महाराज

**जीएमवीएन के गेस्ट हाउस की अब तक की बुकिंग आठ करोड़ के पार 1489441 श्रद्धालुओं ने कराया पंजीकरण**



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष चार धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की तादाद में काफी वृद्धि होगी। कहा कि जिस प्रकार से बड़ी संख्या में यात्री अपना पंजीकरण करवा रहे हैं और यात्रा शुरू होने से पूर्व ही यात्रा मार्गों पर स्थित जीएमवीएन के गेस्ट हाउसों की बुकिंग में लगातार इजाफा हो रहा है उसे देखकर संभावना है कि इस बार भी चारधाम यात्रा पिछले वर्ष के 56.31 लाख श्रद्धालुओं के रिकॉर्ड को तोड़ेगी।पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि चारधाम यात्रा से पूर्व यात्रा मार्गों पर स्थित जीएमवीएन के गेस्ट हाउसों के लिए श्रद्धालुओं ने 22 फरवरी 2024 से अभी तक 8 करोड़ 5 लाख 33 हजार 2 सौ 29 रूपये की बुकिंग करवा ली है और यह आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। चार धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 15 अप्रैल 2024 से पंजीकरण प्रारम्भ कर दिये गये थे। अभी तक गंगोत्री के लिए 273691, यमुनोत्री 249864, केदारनाथ, 512976, बद्रीनाथ 429949 और हेमकुण्ड साहिब के लिए 22961 यात्रियों सहित कुल 1489441 श्रद्धालुओं ने अपना पंजीकरण कराया है।

### सफाई व्यवस्था पर रहेगा विशेष ध्यान

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि चार धाम यात्रा के दौरान सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। रखा गया जायेगा। यात्रा मार्गों पर वर्तमान में सुलभ इन्टरनेशनल संस्था के माध्यम से 1584 सीटों वाले 147 स्थाई शौचालयों की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त चार धाम यात्रा मार्गों यथा गंगोत्री तथा यमुनोत्री मार्ग पर 82 सीट, जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत विभिन्न स्थलों पर निर्मित कुल 251 सीट, जनपद चमोली के यात्रा मार्ग पर 60 सीट एवं हेमकुण्ड साहिब यात्रा मार्ग पर 80 सीट स्टील फ्रेम शौचालयों का संचालन किया जा रहा है।

पर्यटन मंत्री श्री महाराज ने चार धाम यात्रा के दृष्टिगत एक स्टेट लेवल कन्ट्रोल रूम की स्थापना देहरादून स्थित उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद मुख्यालय की गई है जो कि पूरे यात्रकाल के दौरान संचालित रहेगा। प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित कंट्रोल रूम वर्तमान में भी संचालित है। श्री महाराज ने कहा कि पर्यटकों और यात्रियों को देव दर्शनों के दौरान लम्बी कतारों एवं अधिक समय तक प्रतिक्षा न करनी पड़े इसके लिए चारधाम यात्रा में धामों के दर्शन के लिए टोकन/स्लॉट की व्यवस्था प्रारम्भ की गयी है।। इस हेतु पंजीकरण/टोकन/सत्यापन व्यवस्था हेतु कार्यरत एजेन्सी के साथ पर्यटन विभाग के अधिकारियों द्वारा धामों का स्थलीय निरीक्षण जिला प्रशासन, पुलिस अधिकारियों के साथ कर स्थल भी चयनित किये जाने प्रस्तावित हैं। इस व्यवस्था के लागू हो जाने पर किसी भी यात्री को कतार/लाईन में एक घंटे से अधिक का इंतजार नहीं कराना होगा। यात्रा काल में 115 उपनल और पीआरडी के माध्यम से पर्यटक सुरक्षा, सहायता मित्रों की तैनाती की जा रही है।

# स्व. बहुगुणा की जयंती धूमधाम से मनाई

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि में हिमपुत्र स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की 105वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो आर.सी भट्ट, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी समेत सभी शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने प्रशासनिक भवन के प्रांगण में स्व. बहुगुणा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पाजंलि अर्पित की।

गुरुवार को गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर के एसीएल सभागार में स्व. बहुगुणा के जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्व. बहुगुणा के करीबी एवं श्रीनगर नगर पालिका के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, उतराखंड राज्य आन्दोलनकारी कृष्णानंद मैठाणी ने उनके जीवन चरित्र और उनके साथ जुड़ी स्मृतियों को लेकर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि हेमवती नंदन बहुगुणा का व्यक्तित्व उच्च आदर्शवादी था, वे समाजवादी और सत्य और निष्ठा से समाज के प्रत्येक व्यक्ति की चिंता करते थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. हिमांशु बोड़ाई ने कहा कि स्व. बहुगुणा गांधीवादी, लेनिनवादी और समाजवादी नेता थे उनके जैसा चरित्र राजनीति में कभी दिखाई नहीं देता है। उन्होंने पहाड़ की प्रत्येक समस्या को राष्ट्रीय मंच दिया और उनके प्रयासों से ही आज उतराखंड में गढ़वाल विश्वविद्यालय जैसे शिक्षा के केन्द्रीय संस्थान स्थापित हैं। कार्यक्रम के संयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी ने कहा कि स्व. बहुगुणा राजनीति के आदर्श हैं, जिन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समाज के प्रति अपनी भूमिका निभाई और गरीब असहाय लोगों की आवाज उठाकर समाजसेवा की दिशा में अहम प्रयास किए।

## एक नजर

### राइका कुम्भीचौड़ के 50 छात्रों को बांटे कापी सेट और पेन

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : उत्तराखंड लोक साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज कुम्भीचौड़ में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर व गरीब परिवार के 50 छात्र-छात्राओं को कापी सेट और पेन वितरित किए गए। मंच के अध्यक्ष सत्यप्रकाश थपलियाल ने छात्रों को अनुशासन में रहते हुए नशे से दूर रहने की सलाह दी। कहा कि आज का युवा ही कल के देश का भविष्य है, इसलिए अपने भविष्य की बेहतरी के लिए सामाजिक कुरीतियों से दूर रहना चाहिए।

कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय प्रधानाचार्य लखपत राज खुगशाल, मंच के अध्यक्ष सत्यप्रकाश थपलियाल और मंच के पदाधिकारियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। उपाध्यक्ष पीएल खंतवाल ने मंच की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य लखपत राज खुगशाल से इस कार्य पर मंच के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अजयपाल सिंह रावत, भुवन मोहन गुसांई, देवेन्द्र कुमार जोशी, विजय माहेश्वरी एवं विद्यालय के समस्त कर्मचारी व छात्र-छात्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता नीरज कुमार कमल ने किया।

### सचिव मनोज कंसल को किया बर्खास्त

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : श्री श्याम मित्र मंडल समिति कोटद्वार की बैठक गुरूवार को समिति के संरक्षक रतन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि समिति के सचिव मनोज कंसल द्वारा समिति एवं समाज के विरूद्ध कार्य किया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सचिव मनोज कंसल को बर्खास्त किया जाय। समिति के अध्यक्ष ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि समिति के सचिव मनोज कंसल को समिति एवं समाज के विरूद्ध कार्य करने पर बर्खास्त किया गया है।

### जयंती पर स्व. बहुगुणा को किया याद, जीवन से प्रेरणा लेने पर दिया जोर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की 105वीं जयंती मंडल मुख्यालय पौड़ी में विभिन्न संगठनों द्वारा मनाई गई। इस दौरान उनके जीवन से प्रेरणा लेने पर जोर दिया गया।

इस मौके पर विभिन्न संगठनों ने कलक्ट्रेट में बहुगुणा मूर्ति स्थल पर युग पुरुष हेमवती नंदन बहुगुणा को याद करते हुए उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की। हिमालय पुत्र के नाम से विख्यात पौड़ी जिले के बुघाणी गांव में 25 अप्रैल 1919 में जन्मे हेमवती नंदन बहुगुणा को उनकी 105वीं जयंती पर लोगों द्वारा याद किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि हेमवती नंदन बहुगुणा चौमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति के साथ ही वह कुशल प्रशासक क्रांतिकारी व आंदोलनकारी नेता थे। उन्होंने अपने जीवन काल में देश की राजनीति को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया। इस मौके पर 2 मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके आदर्शों पर चलने का लोगों से आह्वान किया। इस मौके पर नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, शिवप्रसाद रतूड़ी, गिरीश बड़थ्वाल आदि मौजूद रहे।

### 15 केन्द्रों पर होगी आयोग की समूह ग की परीक्षा

उत्तरकाशी : उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग हरिद्वार की ओर से आयोजित होने वाली प्रयोगशाला सहायक, उच्च शिक्षा विभाग (समूह ग) की लिखित परीक्षा 27, 28 एवं 29 अप्रैल को होगी। परीक्षा को संपन कराने के जिले में डुंडा एवं भटवाड़ी तहसील परिक्षेत्र में 15 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। जिनमें राइंका नेताला, स्व. घनश्यामानन्द सविमउम लक्षेश्वर, राबाइंका उत्तरकाशी, बाजोरिया शि. संस्थान कोटबंगला, गोस्वामी गणेशदत्त,राइंका डुण्डा, राइंका मातली, राइंका मानपुर, राजकीय पॉलीटेक्निक, राइंका गंगोरी, रा.स्तानक महाविद्यालय, सरस्वती विद्या मन्दिर इटंर कालेज ज्योतिपुरम तिलोथ, राइका जोशियाड़ा, श्रीमती मंजीरा देवी शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान हिटाणू,मसीह दिलासा उत्तरकाशी को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### यात्रा का लाइव प्रस्तुतिकरण दिया

उत्तरकाशी : गंगोत्री-यमुनोत्री सहित यात्रा पड़ावों पर चारधाम यात्रा व्यवस्था की तैयारी जोरों पर हैं। यात्रा की तैयारियों को लेकर यमुनोत्री और गंगोत्री क्षेत्र में भेजे गए गए अधिकारी डीएम की समीक्षा बैठक में वर्चुअली जुड़े।

# विद्युत दरों की पूर्व की भांति रखने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड क्रांति दल ने प्रदेश में उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग द्वारा बढ़ाई गई विद्युत दरों का विरोध किया है।

दल के पदाधिकारियों ने कहा कि उत्तराखंड ऊर्जा प्रदेश होने के कारण राज्य के उपभोक्ताओं को निःशुल्क बिजली दी जानी चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार से विद्युत दरों को पूर्व की भांति रखने की मांग की। उन्होंने विद्युत दरों को पूर्व की भांति न करने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।

शिब्बू नगर स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि उत्तराखंड में कई नदियां हैं, जिन पर जल विद्युत परियोजनाएं बनाई जा रही हैं, परंतु सब अधूरी पड़ी हैं, इन परियोजनाओं का निर्माण शीघ्र किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि टिहरी डाम की आय से उत्तराखंड को 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी मिलनी चाहिए, ताकि सस्ते दरों पर उत्तराखंड की जनता को बिजली मिल सके। उन्होंने कहा कि गंगा यमुना जल बोर्ड बनाकर केन्द्र सरकार ने उत्तराखंड की जनता से उत्तराखंड की नदियों से मिलने वाले हितों को चालाकी से छीना है। इसलिए गंगा जमुना जल बोर्ड को भंग करके उत्तराखंड जल बोर्ड का गठन होना चाहिए और सारे अधिकार उत्तराखंड जल बोर्ड को दिये जाए। बैठक में पुष्कर सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत, जगदीपक रावत, सत्य प्रकाश भारद्वाज, हरीश द्विवेदी, सत्यपाल सिंह नेगी, प्रवेश चंद्र नवानी, राजेंद्र प्रसाद पंत, भारत मोहन काला, सर्वेद्र काला आदि उपस्थित थे।

### छात्रों को स्वच्छता अपनाने के लिए किया प्रेरित

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय इंटर कालेज मंजाकोट चौरास में विश्वश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस मौके पर छात्र- छात्राओं को मलेरिया रोग के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी घरगांव दयावती राणा ने मलेरिया रोग के कारणों, लक्षणों व बचाव के उपायों को छात्र-छात्राओं को बताया। भूगोल प्रवक्ता मदन मोहन रावत ने छात्रों को मलेरिया से बचाव व स्वच्छता अपनाने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ. अशोक कुमार बड़ोनी ने छात्रों को गर्मियों के मौसम में दूषित पानी व गन्दगी से पनपने वाली बीमारियों मलेरिया, टायफायड जैसी घातक बीमारियों से बचने के उपाय बताये व स्वच्छता अपनाने के लिये छात्रों को जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार तिवाड़ी, देवेन्द्र सिंह रमोला, मनीष चमोली, मनोज कुमार, योगेश बहुगुणा, किरन घिल्डियाल, पुष्पा चौहान, बसंती बुटोला आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# स्व. बहुगुणा के पद चिह्नों पर चलने का लिया संकल्प

### जन्म दिन पर किया भावपूर्ण स्मरण

**जयन्त प्रतिनिधि।**




कोटद्वार : जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और जनपद पौड़ी गढ़वाल के ग्राम बुघाणी में जन्मे स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा के जन्म दिन पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय बहुगुणा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा ने सन् 1942 में छात्र राजनीति के दौरान स्वतंत्रता आंदोलन के तहत चलाए जा रहे भारत छोड़ो आंदोलन में शिरकत की। इस पर अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें क्रांतिकारी घोषित कर 1945 में जेल भेज दिया। इसके बाद उनके राजनेताओं और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से परिचय हुआ। तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के करीबी होने के कारण उन्हें 1970 में केंद्रीय मंत्रिमंडल में संचार मंत्री बनाया गया। उनके राजनीतिक प्रभाव के चलते उन्हें 1973 में उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए पर्वतीय इलाकों के लिए कई कार्य किए। जिससे पर्वतीय इलाकों में कई विकास कार्य हुए। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, रंजना रावत, केशर सिंह चौहान, वीरेन्द्र सिंह रावत, विनोद रावत, कृपाल सिंह, प्रदीप नेगी, विनोद नेगी, नरेन्द्र सिंह नेगी, चन्द्रमोहन सिंह रावत, बलवीर सिंह रावत, महावीर नेगी, मनोज रावत, डीएस नेगी, विजय नेगी, दिनेश चौधरी, गोपाल सिंह गुसांई, दलीप सिंह रावत आदि मौजूद थे।

# पुलिस ने किया भर्ती परीक्षाओं में धांधली कराने वाले मध्य प्रदेश के गिरोह का पर्दाफाश

### एसएसबी की भर्ती परीक्षा में फर्जी मुन्नाभाई बनकर शामिल होने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी पुलिस ने सरकारी नौकरियों की भर्ती परीक्षाओं में धांधली करने वाले मध्य प्रदेश के गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने एसएसबी की भर्ती परीक्षा में फर्जी मुन्नाभाई बनकर शामिल होने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी ने बताया कि उपरोक्त अभियोग में पुलिस द्वारा गम्भीरता से जांच की जा रही है व अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है। अभियुक्तों के अन्य आपराधिक इतिहास व अन्य फर्जीवाड़ों की भी विस्तृत जांच की जा रही है।



एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि गत 22 अप्रैल 2024 को वादी आशीष कुमार कमांडेन्ट केन्द्रीयकृत प्रशिक्षण केन्द्र एसएसबी श्रीनगर गढ़वाल ने कोतवाली श्रीनगर पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी कि रामबृज पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम बीच का पुरा, तहसील व थाना अम्बाह, जिला मुरैना मध्य प्रदेश ने एसएसबी द्वारा आयोजित परीक्षा में फर्जी दस्तावेजों व फर्जी फोटो, थम इम्प्रेशन आदि का प्रयोग करते हुये फर्जी अभ्यर्थी बनकर धोखाधडी की है। इस प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर तत्काल कोतवाली श्रीनगर में आईपीसी की धारा 419/420/467/468/471 भादवि पंजीकृत किया गया। एसएसपी ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार श्रीमती जया बलोनी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी सर्किल श्रीनगर आरके चमोली के पर्यवेक्षण, प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

गठित टीम द्वारा अभियुक्त रामबृज पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम बीच का पुरा, तहसील व थाना अम्बाह, जिला मुरैना मध्य प्रदेश को 22 अप्रैल 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। एसएसपी ने बताया कि विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि अभियुक्त रामबृज व उसका छोटा भाई विकास व उसके अन्य साथी भी प्रतियोगी परीक्षाओं में उचित रकम लेकर फर्जी दस्तावेज बनाकर दूसरे अभ्यार्थियों की जगह परीक्षा में सम्मिलित होकर धोखाधड़ी करते है। पुलिस टीम द्वारा फरार अभियुक्त विकास को गत बुधवार देर सांय श्रीनगर से गिरफ्तार कर मा. न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### आरोपी कई अभ्यर्थियों को पास करा चुके है परीक्षा

पौड़ी : एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि पुलिस पूछताछ में अभियुक्त रामबृज पुत्र रामसेवक ने बताया कि वर्ष 2020 में वह भारतीय सेना की 27 राजपूत रेजमेंट में भर्ती हो गया था और उसे मोबाइल पर सट्टा व जुआ खेलने की आदत हो गयी थी जिस कारण उसके ऊपर काफी लोगों का कर्जा हो गया था, जिस कारण वह वर्ष 2022 में आर्मी की नौकरी छोड़कर घर आ गया था। अभियुक्त व उसका छोटा भाई विकास अपने साथियों के साथ मिलकर सरकारी नौकरी हेतु विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर उन्हें शारीरिक व लिखित परीक्षा में पास कराने का ठेका लेते थे एवं अभियुक्त रामबृज अभ्यर्थियों के बदले फिजिकल परीक्षा देता था और उसका छोटा भाई विकास व उसके दोस्त प्रतियोगी परीक्षा की लिखित परीक्षाओं में अभ्यर्थी के बदले परीक्षा देते थे एवं उनके अन्य फर्जी आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास एवं एडमिट कार्ड पर एडिटिंग कर फर्जी दस्तावेज बनाने का काम करते थे। अभियुक्तों द्वारा अभी तक कई अभ्यर्थियों से लाखों रूपये लेकर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में पास कराया गया है। 22 अप्रैल 2024 को स्किल टेस्ट व मेडिकल के दौरान एसएसबी के द्वारा हमें फर्जीवाड़ा करते हुये पकड़ लिया गया।

# नशा मुक्त समाज की स्थापना में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : राजकीय महाविद्यालय सतपुली के एंटी ड्रग्स सेल और समाजशास्त्र विभाग के तत्वावधान में मानव शरीर एवं समाज पर मादक द्रव्यों का प्रभाव विषय पर एक राष्ट्रीय ई संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओ ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीड़ित है।

जो स्वास्थ्य के साथ सामाजिक और आर्थिक दोनों लिहाज से हानिकारक है। नशा मुक्त समाज की स्थापना में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

गुरुवार को आयोजित ई-संगोष्ठी की शुरुआत आयोजक डा. दीप्ति ने की। गोष्ठी में मुख्य अतिथि निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. सीडी सूठा, विशिष्ट अतिथि प्रो. एएस उनियाल, संरक्षक प्राचार्य प्रो. संजय कुंदन द्वारा संगोष्ठी को संबोधित किया गया।

संयोजक डा. एचके सेमवाल द्वारा गोष्ठी का उद्देश्य विषय विषयवस्तु प्रस्तुत की गई। संगोष्ठी के सचिव डॉ. शूरवीर द्वारा रूप रेखा प्रस्तुत की गई। संगोष्ठी में प्रख्यात वक्ता उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के डा. डीके सेमवाल द्वारा मादक द्रव्यों के मानव शरीर के आर्गन्स पर प्रभाव विषय पर जानकारी दी गई। इन्दिरा गांधी ओपन विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डा.दीपक पालीवाल द्वारा मादक द्रव्यों का समाज में पड़ने वाले प्रभाव पर व्याख्यान दिया गया। संचालन गढ़वाली कवियत्री बीना बेंजवाल ने किया।

# मुकेश और धवल ने जीता स्वर्ण पदक

श्रीनगर गढ़वाल : प्रथम क्रीड़ा भारती ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में श्रीनगर के दो शूटरों ने भी अपना हुनर दिखाया। हिल शूटिंग अकादमी श्रीनगर के संचालक एवं कोच धीरेन्द्र नेगी ने बताया कि हिल शूटिंग अकादमी श्रीनगर में अभ्यास कर रहे प्रतिभागियों में पुरुष वर्ग में 10 मीटर राइफल में मुकेश सिंह ने स्वर्ण पदक जीता है, जबकि 10 मीटर पिस्टल में धवल ने स्वर्ण पदक और साहिल सजवाण ने कांस्य पदक जीता है।

वहीं अण्डर 12 वर्ग में अदिति गुसाईं ने स्वर्ण, धेयांश रावत ने रजत पदक व अनिरुद्ध पालीवाल ने कांस्य पदक जीता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दी। (एजेंसी)

# सुगम संगीत में विज्ञान संकाय, लोकगीत में कला संकाय ने मारी बाजी

### दो दिवसीय महाविद्यालय अंतर संकाय सांस्कृतिक प्रतियोगिता शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में दो दिवसीय महाविद्यालय अंतर संकाय सांस्कृतिक प्रतियोगिता शुरू हो गई है। पहले सुगम संगीत, लोकगीत, एकांकी नाटक, एकल नृत्य छात्र, लोक नृत्य, कव्वाली, एकल नृत्य छात्रा आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।



गुरूवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सुगम संगीत में प्रथम विज्ञान संकाय, द्वितीय वाणिज्य संकाय, तृतीय शिक्षा संकाय, लोकगीत में प्रथम कला संकाय, द्वितीय वाणिज्य संकाय, तृतीय विज्ञान संकाय, एकल नृत्य छात्र वर्ग में प्रथम वाणिज्य संकाय, द्वितीय कला संकाय, तृतीय शिक्षा संकाय, एकांकी नाटक में प्रथम वाणिज्य संकाय, द्वितीय कला संकाय, तृतीय शिक्षा संकाय, लोकनृत्य में प्रथम कला संकाय, द्वितीय वाणिज्य संकाय, तृतीय विज्ञान संकाय, कव्वाली में प्रथम कला संकाय, द्वितीय विज्ञान संकाय, तृतीय शिक्षा संकाय, एकल नृत्य छात्रा में प्रथम वाणिज्य संकाय, द्वितीय कला संकाय, तृतीय विज्ञान संकाय रहा। सामूहिक रूप से कला एवं वाणिज्य विभाग प्रथम स्थान पर द्वितीय स्थान पर विज्ञान संकाय, तृतीय स्थान पर शिक्षा संकाय रहे। प्रतियोगिता में डॉ. अपर्णा रावत, मंजू कपरवाण, अनूप सिलास ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक समिति के संयोजक डॉ. जुनिश कुमार, डॉ. सुषमा थलेडी, डॉ. शोभा रावत ने किया। इस मौके पर डॉ. सुशील चंद्र बहुगुणा, डॉ. संतोष कुमार गुप्ता, डॉ. डीएस चौहान, डॉ. विनोद सिंह, डॉ. सुलेखा घिल्डियाल, डॉ. रंजना सिंह, डॉ. हितेंद्र विश्नोई, डॉ. बीडी शाह, प्रो. प्रीति रानी, डॉ. चंद्रप्रभा भारती, डॉ. सुनीता नेगी, प्रो. एमडी कुशवाह, प्रो. आदेश कुमार, प्रो. आरएस चौहान, डॉ. अभिषेक गोयल, डॉ. प्रवीण जोशी, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. नंदी गढ़िया आदि मौजूद रहे।

# पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी में हिमाचल के खिलाड़ियों का जलवा

नई टिहरी : चार दिवसीय नेशनल पैराग्लाइडिंग टिहरी एक्यूरेसी चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों का जलवा रहा। प्रतियोगिता में 30 प्वाइंट के साथ हिमाचल के सुशांत ठाकुर विजेता, 38 प्वाइंट के साथ अक्षय कुमार उपविजेता और 142 प्वाइंट के साथ नरेश कुमार तीसरे स्थान पर रहे। विजेता को एक लाख, उपविजेता को 75 हजार और तृतीय स्थान वाले प्रतिभाग को 50 हजार रुपये की प्राइज मनी दी गई। गुरुवार को कोटी कालोनी में उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद, जिला प्रशासन और टीएचडीसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित टिहरी एक्यूरेसी कप का समापन हो गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम केके मिश्रा ने कहा कि साहसिक खेलों में भी बेहतर करियर बनाया जा सकता है। कहा कि टिहरी झील पैराग्लाइडिंग सहित साहसिक खेलों का हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है। यूटीडीबी के एसीईओ (साहसिक विंग) कर्नल अश्विनी पुंडीर और जिला पर्यटन विकास अधिकारी सोबत सिंह राणा और साहसिक खेल अधकारी खुशाल सिंह नेगी ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए टेक ऑफ प्वाइंट कुट्ठा और लैंडिंग प्वाइंट कोटी कॉलोनी रखा गया था। खास बात यह रही कि पहली बार उत्तराखंड के 10 स्थानीय युवाओं ने भी इसमें शिरकत की। बताया कि देश के विभिन्न राज्यों से आए पैराग्लाइडरों ने कुल 5-5 राउंड किए। जिसमें प्रथम तीन स्थान पर हिमाचल के खिलाड़ियों ने परचम लहराया। बताया कि गत वर्ष नवंबर माह में भी टिहरी में एक्रो पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल का सफल आयोजन किया जा चुका है। उस वक्त की प्रतियोगिता में टेक ऑफ प्वाइंट प्रतापनगर और लैंडिंग प्वाइंट कोटी कॉलोनी था। जिसमें पैराग्लाइडिंग के अच्छे रूझान के चलते यह आयोजन किया गया तो सफल रहा। कर्नाटक, मणिपुर, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मिजोरम, दिल्ली, पंजाब, उत्तराखंड आदि प्रदेश के खिलाड़ियों ने इसमें प्रतिभाग किया जिसमें 8 महिलाएं भी शामिल रहीं। मंत्रा के निदेशक तानाजी ताकवे के निर्देशन में यह चैंपियनशिप कराई गई। वह प्रदेश भर के खिलाड़ियों को पैराग्लाइडिंग का प्रशिक्षण दे रहे हैं और अब 150 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित कर चुके हैं।




# तीर्थ पुरोहित ध्यानी ने विद्यालय को दिए सवा लाख

नई टिहरी : वयोवृद्ध तीर्थपुरोहित शंभुप्रसाद ध्यानी ने सरस्वती शिशु मन्दिर, देवप्रयाग में बेहतर सुविधा जुटाने को सवा लाख की धनराशि प्रदान की। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में उन्होंने इसका चेक प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार हस्तलिखित पत्रिका सरस्वती का भी विमोचन किया गया। बदरीनाथ धाम के पुरोहित रानाकोट, पौड़ी गढ़वाल निवासी 88 वर्षीय शंभुप्रसाद ध्यानी नंबरदार ने यहां नई मिसाल पेश की। उन्होंने तीर्थ पुरोहिताई से मिली सवा लाख की धनराशि बच्चों के लिए प्रदान कर दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि, समाज की सहायता से चलने वाली संस्थाओं का सभी को सहयोग करना चाहिए। इससे विधार्थियों का भविष्य उज्जवल होगा। विद्या भारती द्वारा पूरे देश में संस्कारवान शिक्षा दिये जाने की उन्होंने प्रशंसा की। प्रधानाचार्य राजेश पंचपुरी ने शॉल भेंटकर उनका सम्मान कर आभार जताया। इस मौके पर डॉ. बीएस रावत, जिला संघ चालक सुरेश कोटियाल, नगर संघ चालक हजारीलाल भट्ट, जिला प्रचारक भारत, प्रधानाचार्य नीरज ध्यानी, मुन्ना लाल कोटियाल, चैतराम पालीवाल, राहुल कोटियाल, मधुकर ध्यानी, राधेश्याम रानाकोटी, नटवरलाल, प्रमोद आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## एक नजर

### स्व.हेमवती नंदन बहुगुणा को जयंती किया याद

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को 105 वीं जयंती पर राजपुर रोड स्थित एमडीडीए परिसर पर लगी उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर याद किया गया। उनके पुत्र व पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने उनको याद करते हुए कहा कि वह बहुत दूर दृष्टि वाले आदर्शवादी व्यक्ति थे। उन्होंने सदैव समाज की भलाई के लिए सोचा और अपने कार्यकाल के दौरान ऐसे काम किए जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग लाभ पहुंचा। हम भी उनके आदर्शों और और दिखाए गए मार्ग पर चलने का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर मिष्ठान भी वितरण किया गया। इस अवसर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक खजान दास, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अशोक वर्मा, विवेकानंद खंडूड़ी, संजय शर्मा, सुमेर चंद्र रवि, भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा, आशीष नागरथ, गोपाल पुरी, रविन्द्र जुगरान, अभिषेक नौडियाल, भूपेंद्र पाहवा, पवन त्रिपाठी, आशीष उनियाल, शिवेश बहुगुणा, मयंक खंडूड़ी, नितिन कुमार, विजयवर्धन डंडरियाल, नागेश रतूडी, अंजना वालिया, एमके जोशी, महेश बहुगुणा, शिवा वर्मा, कपिल नैथानी, राजकुमार पाल, प्रदीप गोयल, विपिन त्रिपाठी, ललित कुमार, अजय कपूर, अशोक राठौर, कपिल अरोड़ा, वैभव मैंदोला, अभिषेक वर्मा, सूची थपलियाल, प्रवीन शर्मा, गौरव खंडूड़ी, राजकुमार कक्कड़ आदि मौजूद थे।

### मतदाता सूची में नाम गायब होने से लोग परेशान

देहरादून। नगर निगम की मतदाता सूची में खामियां लगातार सामने आ रही हैं। सूची में कई लोगों के नाम गायब हैं। कुछ लोगों के नाम में त्रुटियां हैं। महिला को पुरुष और पुरुष को महिला दर्शाया गया है। जिससे लोग परेशान हैं। निवर्तमान पार्षद सुखवीर सिंह बुटोला ने बताया कि चंद्रबनी वार्ड के चोयला, चंद्रबनी, भूतोंवाला, धरावाली, अमर भारती, पित्थूवाला खुर्द, कैलाशपुर, पटियोंवाला क्षेत्र में कई पात्र लोगों के नाम सूची में नहीं हैं। कुछ लोगों के नाम गलत प्रिंट हुए हैं। जिससे उनको मतदान में दिक्कत आ सकती है। उन्होंने छूटे गए लोगों को सूची में शामिल करने के साथ ही त्रुटियां दूर करने की मांग की है। इधर, विजय रतूड़ी मार्ग निवासी अरुण कुमार शर्मा ने भी मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाया। कहा कि उनके परिवार के चार सदस्यों के नाम सूची में नहीं हैं। जबकि उनकी पत्नी 2018 के नगर निगम चुनाव मे कांग्रेस पार्टी से पार्षद प्रत्याशी रही है। सूची में मतदाताओं के नाम क्रम में नहीं है और निवास पते भी अंकित नहीं है। उन्होंने मतदाता सूची में सुधार करने की मांग की है।

### आईपीएल के फैन पार्क का आनंद शनिवार और रविवार को दून में ले सकेंगे

देहरादून। आईपीएल के फैन पार्क का आनंद आगामी शनिवार और रविवार को दून में लिया जा सकेगा। दोनों दिन दो–दो मैच यहां बड़ी स्क्रीन पर देखने के साथ ही दर्शक टीवी पर खुद को दिखाई देने का मौका भी पा सकेंगे। बीसीसीआई के ऑपरेशन मैनेजर सुमित मल्लापुरकर, सीएयू के सीईओ मोहिल डोभाल और काउंसलर एसके गैरोल ने गुरुवार को प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईपीएल में शनिवार को पहले मैच में दिल्ली कैपिटल का सामान मुंबई इंडियंस और दूसरे मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना राजस्थान रायल्स से होगा। रविवार को दिन के पहले मैच में गुजरात टाइटंस का सामान आरसीबी से और दूसरे मैच में सीएसके का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। दोनों दिन के लिए रेसकोर्स स्थित बन्नू स्कूल में दर्शकों के लिए फैन पार्क बनाया गया है। फैन में दोनों दिन दोपहर ढाई बजे इंट्री खोल दी जाएगी। जहां दर्शक धमाल कर सकेंगे। इस दौरान यहां संगीत का तड़का तो लगेगा ही खाने के स्टाल, मजेदार पेय और आईपीएल के स्पांसरों की एक्टिविटी देखने को मिलेगी।

### कैबिनेट मंत्री ने किया स्व.बहुगुणा की प्रतिमा पर मार्ल्यापण

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को घंटाघर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हिमालय पुत्र स्व.हेमवती नन्दन बहुगुणा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। स्व.बहुगुणा को उनकी जयंती पर स्मरण करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि स्व. बहुगुणा एक ओजस्वी वक्ता और प्रखर राजनेता थे। उन्होंने पहाड़ की पगडंडियों से होकर राष्ट्रीय राजनीति में अपनी पहचान बनाई। स्व.हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार में मंत्री रहे।

# राज्यसभा में उठाऊंगा उत्तराखंड की आवाज : महेंद्र भट्ट

देहरादून। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ले ली। गुरुवार को नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद मीडिया को जारी बयान में महेंद्र भट्ट ने कहा कि वह राज्यसभा में उत्तराखंड से जुड़े मुद्दों को उठाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड एक विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाला प्रदेश है और यहां के लोगों की दिक्कतों को दूर करने के लिए वह लगातार राज्यसभा के जरिए प्रयास करेंगे। विदित है कि महेंद्र भट्ट को भाजपा ने राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया था और मार्च में ही उनका मनोनयन हो गया था। दो अप्रैल को भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब महेंद्र भट्ट ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली है। उन्होंने राज्यसभा भेजने के लिए एक बार फिर भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि भाजपा हमेशा अपने कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के प्रति प्रेम की वजह से ही आज भाजपा का लगातार विस्तार हो रहा है।

### सुहागिन महिलाओं ने तिलों का तेल पिरोया

नई टिहरी : गुरुवार को नरेंद्रनगर महल में महिलाओं ने भगवान बदरी विशाल के अभिषेक में प्रयोग होने वाले तिलों का तेल पिरोने की रस्म निभाई। तेल को कलश में भरकर डिमरी पुजारियों को दिया गया। कलश यात्रा को डिमरी पुजारी ऋषिकेश, देवप्रयाग, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग होते हुए डिम्मर गांव ले जाएंगे।

# केदारनाथ धाम में तीर्थ पुरोहितों के आवास तोड़ने का विरोध

देहरादून। केदारनाथ धाम में तीर्थ पुरोहितों के आवास और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को ध्वस्त किए जाने का चार धाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत ने भी कड़ा विरोध जताया है। महापंचायत ने जल्द ध्वस्तीकरण की कार्रवाई न रुकने पर चारों धामों में भी विरोध जताने की चेतावनी दी। केदारनाथ धाम में स्थानीय तीर्थ पुरोहितों के आवासों के सामने गड्ढा किए जाने पर महापंचायत ने विरोध जताया। महापंचायत के अध्यक्ष सुरेश सेमवाल और महासचिव डॉ बृजेश सती ने कहा कि बिना तीर्थ पुरोहितों की सहमति के कपाट बंद के दौरान स्थानीय प्रशासन ने एक तरफा कार्रवाई की। शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की कार्यवाही के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। जल्द तीर्थ पुरोहितों का एक प्रतिनिधिमंडल उच्च अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखेगा। महा पंचायत ने कार्यवाही न रुकने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि केदारनाथ धाम में तीर्थ पुरोहितों के आवासो और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सामने प्रशासन की ओर से गड्ढे किए जाने से आवाजाही बाधित हो गई है। कई भवन भी क्षतिग्रस्त कर दिए गए हैं। यही कार्यवाही आगे भी जारी रही, तो चारों धामों के तीर्थ पुरोहित आंदोलन को बाध्य होंगे।

### एचएसवाईएस जौलीग्रांट के शिक्षकों ने दुर्गम घाटी में लगाया योग शिविर

ऋषिकेश। समुद्र तल से करीब 7000 फीट की ऊंचाई पर हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ योगा साइंसेज (एचएसवाईएस) जौलीग्रांट के योग शिक्षकों ने विशेष योग शिविर आयोजित किया। इस शिविर में चमोली के दुर्गम क्षेत्र की उर्गम घाटी में स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। स्वामीराम हिमालयन विश्वविद्यालय (एसआरएचयू) जौलीग्रांट में संस्थापित हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ योगा साइंसेज (एचएसवाईएस) कॉलेज के योग शिक्षक राहुल बलूनी,छात्राओं की मांग पर एचएसवाईएस की ओर से विशेष योग शिविर आयोजित किया गया।

# घर पर रखे केयर टेकर परिवार ने ही लगाया बुजुर्ग कर्नल को 4.20 लाख का चूना

देहरादून। सेना से रिटायर बुजुर्ग कर्नल ने घर में कामकाज के लिए जिस महिला के परिवार को रखा उसने ही 4.20 लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपियों ने ऑनलाइन भुगतान के लिए कर्नल के पेंशन खाते से कई ई वॉलेट जोड़ लिए। इनके जरिए रकम ट्रांसफर की गई।

बुजुर्ग कर्नल का बेटा भी सेना में कर्नल है और हाल में हिमाचल प्रदेश में तैनात है। उन्होंने आरोपियों का फर्जीवाड़ा पकड़ लिया। मामले में क्लेमनटाउन थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ क्लेमनटाउन दीपक धारीवाल ने बताया कि सेना से रिटायर कर्नल सुरेश चंद त्यागी सी–22 टर्नर रोड पर रहते हैं। उनकी उम्र करीब 83 वर्ष है। वह मोबाइल को ई वालेट आदि ठीक से नहीं चला पाते हैं। घर में कामकाज के लिए अनीता देवी को रखा हुआ। अनीता का परिवार सर्वेंट क्वार्टर में रहता है। आरोप है कि अनीता संग मिल उसके पति कन्हैया रावत और बेटे अखिलेश रावत ने बुजुर्ग कर्नल को वर्ष 2021 में कहा कि वह अपने बिल आदि के भुगतान ई वॉलेट एप के जरिए कर सकते हैं। आरोप है कि इसके बाद दो ई वॉलेट एप कर्नल के मोबाइल में डाल दी और एक एप चोरी से अखिलेश ने अपने मोबाइल में डाल ली। अखिलेश ने अपने मोबाइल में डाली एप में भी कर्नल का खाता लिंक कर लिया। आरोप है कि इनके जरिए आरोपियों ने तीन साल में बुजुर्ग कर्नल के खाते से 4.20 लाख रुपए अपने निजी उपयोग के लिए ट्रांसफर कर लिए। बुजुर्ग के बेटे कर्नल सुनील त्यागी हाल में हिमाचल प्रदेश में तैनात हैं।

# विकसित और सशक्त भारत बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

नई टिहरी : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की दो दिवसीय प्रांत समीक्षा योजना बैठक में संगठन के कार्यक्रमों को और व्यापक स्तर पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सदस्यता बढ़ाने, शैक्षणिक उन्नयन, छात्र कल्याण के लिए बेहतर कार्य योजना बनाकर क्रियान्वयन का संकल्प भी लिया गया।

वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थी परिषद दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। ऐसे में छात्रहित से लेकर युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को दूर करने के लिए भी जन जागरूकता अभियान चलाए जाने जरूरी हैं। गुरुवार को आयोजित बैठक का अभाविप के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री प्रफुल्ल अकांता ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि समृद्ध, विकसित और सशक्त भारत बनाने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर सकारात्मक ऊर्जा के साथ राष्ट्र निर्माण का काम करना चाहिए। उन्होंने संगठन के एक वर्ष के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आगामी वर्ष की कार्य योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर जोर दिया। कहा कि प्रत्येक वर्ष 9 जुलाई को संगठन का स्थापना दिवस, 19 नवंबर को रानी लक्ष्मी भाई का जयंती, 6 दिसंबर का सामाजिक समरसता दिवस समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजित सफलता पूर्वक किया जाना चाहिए। क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज नीखरा सदस्यता अभियान बढ़ाने, छात्र आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाने पर जोर दिया। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. ममता सिंह, मंत्री ऋषभ रावत, प्रदेश संगठन मंत्री विक्रम कपरूवाण ने कहा कि शिक्षा के साथ ही रचनात्मक गतिविधियों के लिए निरंतर काम करने, छात्रों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण, महाविद्यालयों में प्रवेश, परीक्षा परिणाम को लेकर छात्रों की चिंता करनी चाहिए। इस मौके पर आरएसएस के जिला प्रचारक गौरव, एबीवीपी के जिला संगठन मंत्री प्रवीण असवाल, डा. अनूप सेमवाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

### रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मोहा मन

उत्तरकाशी : राजकीय महाविद्यालय ब्रह्मखाल में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर मिस्टर फेयरवल देशराज एवं मिस फेयरवल आंचल पंवार को चुना गया। गुरुवार को आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आरएस असवाल ने बताया कि निकट भविष्य के शैक्षिक सत्र में महाविद्यालय अपने भवन में शिप्ट हो जायेगा। विज्ञान वर्ग की कक्षाओं के संचालन के लिये पत्रावली शासन को भेज दी गयी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश चंद्र रमोला, विशिष्ट अतिथि डॉ. मनवीर भंडारी ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एसएल गौतम, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मीना नेगी, डॉ. सुमन प्रकाश, डॉ. आशीष व्यास आदि थे। (एजेंसी)

# हेमवती नंदन बहुगुणा की 105वीं जयंती पर किया याद

देहरादून। दून में विभिन्न संगठनों और राजनैतिक दलों ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को उनकी 105वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। घंटाघर एमडीडीए कॉम्पलेक्स स्थित स्व. बहुगुणा की मूर्ति पर श्रद्धा–सुमन अर्पित करते हुए उनके कार्यों और राजनैतिक सिद्धांतों को याद किया गया। स्व.बहुगुणा के राजनैतिक अनुयायी रहे प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना गुरुवार को समर्थकों संग घंटाघर स्थित मूर्ति स्थल पहुंचे। यहां मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए स्व. बहुगुणा को याद किया। इस मौके पर सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि स्वर्गीय बहुगुणा का व्यक्तित्व महात्मा गांधी और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के व्यक्तित्वों का मिश्रण था। जहां गांधी की तरह सर्व धर्म समभाव और अनेकता में एकता के सिद्धांत के वह प्रबल समर्थक थे, तो नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की तरह दृढ़ निश्चय और हमेशा नई चुनौतियों को स्वीकार करने की क्षमता उनमें थी। उन्होंने राजनैतिक नैतिकता के उच्च मापदंड स्थापित किए। जब इंदिरा गांधी से मतभेद हुए तो पार्टी छोड़ने के साथ संसद सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया था।

वह ऐसे करने वाले पहले सांसद थे। इस मौके पर ललित भद्री, एसपी बहुगुणा, परणिता बडोनी, संगीता गुप्ता, अनुराग गुप्ता, शुभम सैनी, देवेंद्र सिंह, प्रमोद गुप्ता, ब्रह्मदत्त शर्मा, आनंद सिंह पुंडीर, मेहताब, प्रवीण कश्यप, पप्पू कोहली, अवधेश कथिरिया, अर्जुन सोनकर, राम कुमार थपलियाल, राजेश उनियाल समेत अन्य मौजूद रहे।

**पूर्व विधायक राजकुमार भी पहुंचे श्रद्धांजलि देने**

देहरादून(आरएनएस)। पूर्व विधायक राजकुमार भी जयंती पर स्व. बहुगुणा को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। उन्होंने कहा कि स्व. बहुगुणा क्रांतिकारी देशभक्त थे, जो सामाजिक न्याय, सांप्रदायिक सद्भावना और राष्ट्रीय गौरव के लिए सदैव प्रयासरत रहे। उन्हें सांप्रदायिक सद्भाव, जाति एवं वर्ग संघर्ष की उन्हें सूक्ष्म परख थी। पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र के समग्र विकास के लिए उन्होंने पर्वतीय विकास मंत्रालय बनाया, जो पहाड़ के विकास में मील का पत्थर साबित हुआ।

# स्वास्थ्य महानिदेशक ने किया अल्मोड़ा जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

अल्मोड़ा।राज्य की स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ विनीता शाह ने महिला चिकित्सालय और जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को महानिदेशक विनीता शाह ने अल्मोड़ा जिला चिकित्सालय और महिला चिकित्सालय की व्यवस्थाएं परखी। निरीक्षण के दौरान डॉ विनीता शाह ने महिला चिकित्सालय से महिलाओं को अनावश्यक रेफेर नहीं करने के निर्देश दिए। जिला चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान पीएमएस डॉ एच सी गड़कोटी ने जिला चिकित्सालय में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया। निरीक्षण के दौरान महानिदेशक ने वार्ड में भर्ती मरीजों से हालचाल जाना और उनको मिल रही सहूलियतों के बारे में पूछा। उन्होंने अस्पताल के कर्मचारियों से बातचीत की और निर्देश दिए कि अस्पताल आने वाले लोगों को सभी उपलब्ध सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जाएं। उन्होंने जोर दिया कि इलाज के



दौरान मरीजों और उनके रिश्तेदारों का मार्गदर्शन किया जाना चाहिए और इलाज प्रक्रिया के दौरान उनकी मदद की जानी चाहिए। डीजी ने जिला चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड कक्ष और नवनिर्मित सीटी मशीन भी देखी। निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय में निर्माण कार्य के दौरान सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में पर्याप्त संख्या में गाइनेकोलॉजिस्ट मौजूद हैं तो गर्भवती महिलाओं को अनावश्यक रेफेर नहीं करें और पीएमएस को इसकी मॉनिटरिंग करने को कहा गया है। सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों द्वारा बाहर की दवाएं लिखने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध हैं और यदि कोई डॉक्टर ऐसा करते हुए पकड़ा जाता है तो उसके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के बाद महानिदेशक ने चिकित्सकों के साथ बैठक की जहाँ उन्होंने बाहर की दवाइयां लिखने पर चिकित्सक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की बात कही और अन्य निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महानिदेशक के साथ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आर सी पंत एवं एसीएमओ डॉ योगेश पुरोहित अल्मोड़ा, पीएमएस डॉ एच सी गड़कोटी, डॉ प्रीति पंत आदि मौजूद रहे। महानिदेशक ने निरीक्षण के उपरांत जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

### बहुगुणा ने रखी पहाड़ के विकास की आधार शिला

चमोली : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर विभिन्न संगठनों ने उन्हें याद किया। वक्ताओं ने कहा कि पहाड़ के विकास की आधार शिला उन्होंने रखी।

गोपेश्वर में आयोजित गोष्ठी में गढ़वाल-कुमाऊं बहुगुणा विचार मंच के संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश पुजारी ने कहा हेमवती नन्दन बहुगुणा के राजनैतिक कौशल के लिए देश उन्हें आज भी याद करता है। अविभाजित उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते पहाड़ों की विकास के उन्होंने जो काम किया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। गढ़वाल कुमाऊं कमिश्नरी के लिए केंद्र से अलग 400 करोड़ के बजट की व्यवस्था की। छात्रों को पढ़ाई के लिए मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेजों में वजीफा भी मंजूर किया। (एजेंसी)

# मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर का निर्माण कार्य शुरू

नई टिहरी : प्राचीन शक्तिपीठ राजराजेश्वरी मंदिर चूलागढ़ बासर में भव्य मंदिर का निर्माण होने जा रहा है। इस मौके पर मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर निर्माण कार्य का शिलान्यास कर शुभारंभ किया गया। हजारों लोगों की आस्था का केंद्र टिहरी राज परिवार की कुलदेवी मां राजराजेश्वरी मंदिर चूलागढ़ बासर में बनने वाला नवनिर्मित मंदिर का गुरुवार को भूमि पूजन कर कार्य शुरू कर दिया गया है। राज राजेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के महासचिव भाष्कर नौटियाल ने बताया कि नव निर्मित मंदिर में राजस्थान के मार्बल, हिमाचल प्रदेश के पत्थरों की पठाल, नेपाल के देवदार की लड़की के दरवाजे चौखट और झालर, पीतल की रेलिंग से निर्माण होगा। लगभग एक वर्ष के अंतराल में मां राजराजेश्वरी मंदिर का नव निर्माण पूर्ण हो जाएगा। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी देवेश्वर प्रसाद नौटियाल, मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नीलम भट्ट, महासचिव भाष्कर नौटियाल, सचिव डॉ. विजय कुमार नौटियाल, प्रधान ओमप्रकाश नौटियाल, सूरत सिंह, नरेश रतूड़ी, प्रताप सिंह रावत, विजय रावत, भगत सिंह, दयाराम रतूड़ी, कुंवर सिंह, अजय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सरकारी अस्पताल में मरीजों की सुविधा को आरओ लगाया

ऋषिकेश। ऋषिकेश की सामाजिक अंगवाल संस्था वेलफेयर सोसायटी ने राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश में आने वाले मरीजों को स्वच्छ और निर्मल पानी उपलब्ध करवाए जाने के लिये आरओ मशीन उपलब्ध करवाई है। इससे मरीज और तीमारदार को स्वच्छ पानी मिल सकेगा।

वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष सरोज डिमरी ने बताया कि पिछले काफी समय से राजकीय चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को स्वच्छ निर्मल पानी न मिलने की शिकायत मिल रही थी।

# बाइक रैली निकालकर किया वनाग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूक

नई टिहरी : टिहरी वन प्रभाग की घनसाली रेंज के तहत वन कर्मियों ने वनाग्नि सुरक्षा को जनजागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया। बाइक रैली भिलंगना रेंज परिसर से होते हुए घनसाली नगर पंचायत क्षेत्र व निकटस्थ ग्राम पंचायतों के बीच से होते हुए निकाली गई। बाइक रैली आयोजन के अवसर पर भिलंगना के रेंज अधिकारी आशीष नौटियाल ने घनसाली नगर सहित ग्रामीण जनता से अपील की कि वर्तमान में तापमान बढ़ने तथा मृदा-धरातल में नमी के कम होने के कारण वनाग्नि की घटनाओं के होने की प्रबल सम्भावनाएं होती है। वनाग्नि की घटनायें अधिक होने की दशा में वनाग्नि का दुष्प्रभाव प्रकृति के साथ-साथ मानव जीवन पर काफी होता है। वनाग्नि जैसी विविधता छोटे-छोटे जीव जंतुओं, पालतु पशुओं एवं पर्यावरण के लिए काफी नुकसानदायक होता है। ऐसी दशा में प्रत्येक नागरिक वनाग्नि रोकने में विभाग की मदद करे और वनाग्नि की सूचनाओं की जानकारी देकर आग बुझाने में मदद करे। वनों में आग लगाने वालों को रोकने के साथ ही शरारती तत्वों की जानकारी भी गुप्त रूप से पुलिस, प्रशासन व वन विभाग को दें। बाइक रैली में उप रेंज अधिकारी हरि प्रसाद नौटियाल, सुरेंद्र दत्त उनियाल सहित तमाम वन कार्मिक मौजूद रहे। (एजेंसी)

### 27 अप्रैल को होगा मिलेट्स पर किताब का विमोचन

देहरादून। पोषण विशेषज्ञ रूपा सोनी ने राजपुर रोड स्थित एक होटल में अपनी पहली किताब ह्वाई इज द वर्ल्ड गोइंग क्रेजी अबाउट मिलेट्स के विमोचन की घोषणा की।

बताया कि किताब का विमोचन 27 अप्रैल को होगा। कहा कि किताब मिलेट्स की एक उल्लेखनीय यात्रा को दर्शाती है, जो की एक प्रकार के प्राचीन मोटे अनाज हैं, जिन्होंने पीढ़ियों को जीवित रखा है और अब की दुनिया में अपनी जगह बना रहे हैं। कहा कि यह किताब हमारी जड़ों से फिर से जुड़ने, हमारे स्वास्थ्य के लिए सूचित विकल्प चुनने और समग्र कल्याण को प्राथमिकता देने वाली जीवनशैली को अपनाने की मेरी एक पहल है।

# जागरूकता शिविर में बच्चों को दी चाइल्ड हेल्पलाइन की जानकारी

अल्मोड़ा।उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशन एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा श्रीकांत पाण्डेय के मार्गदर्शन में शचि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा द्वारा गुरुवार को विपिन त्रिपाठी कुमाऊँ इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी द्वाराहाट व डॉ लीलाधर भट्ट विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज द्वाराहाट में नालसा के अंतर्गत बच्चे एवं उनके परिवारों को कानूनी और सामाजिक अधिकारों, नियमों प्रावधानों के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में उपस्थित छात्र–छात्राओं को नालसा योजना 2015, स्कूलों में 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए निशुल्क



शिक्षा, किताबें, ड्रेस व भोजन की व्यवस्था के बारे में बताया। बच्चों की सहायता हेतु चाइल्ड लाइन के निशुल्क हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में भी बताया गया। शिविर में निशुल्क विधिक सहायता, नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, रोकथाम एवं उपचार, गिरफ्तारी, गिरफ्तारी से पहले, गिरफ्तारी और रिमांड चरण पर न्याय तक पहुँच, बाल विवाह प्रतिबंध, बाल श्रम प्रतिबंध, पॉक्सो अधिनियम, गुड टच, बैड टच आदि के विषय में भी बताया गया। पैनल अधिवक्ता भाष्कर पंत ने मोटर वाहन अधिनियम की जानकारी दी व आशुतोष लोहनी ने स्थाई निवास, आय, ई डबल्यू एस व जाति आदि प्रमाणपत्रों के विषय में जानकारी दी। यहाँ निशुल्क सरल कानूनी ज्ञानमाला पुस्तकों का भी वितरण किया गया। शिविरों में कालेज व विद्यालय के प्रधानाचार्य व स्टाफ एवं पैरा लीगल वालियंटर बीना देवी व दीपा चौधरी उपस्थित रहीं।

# पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार, बालिका बरामद

अल्मोड़ा।नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के आरोपी को देघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बुधवार 24 अप्रैल को देघाट निवासी एक व्यक्ति द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री को भगाकर ले जाने के सम्बन्ध में दी देघाट थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना देघाट में एफआईआर पंजीकृत की गई। एसएसपी अल्मोड़ा देवेन्द्र पींचा ने मामले का तत्काल संज्ञान लेकर थानाध्यक्ष देघाट को तत्काल टीम गठित कर नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद करने व आरोपी युवक को शीघ्र गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष देघाट राहुल राठी द्वारा पुलिस टीम का गठन कर तत्काल नाबालिग बालिका व आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए खोजबीन शुरू की गई। गठित टीम द्वारा सुरागरसी–पतारसी व जानकारी जुटाकर बुधवार को मोहान बैरियर




के पास से नाबालिग बालिका को आरोपी युवक सूरज सिंह मनराल (22 वर्ष) पुत्र मदन सिंह मनराल निवासी ग्राम उदयपुर, देघाट जनपद अल्मोड़ा के कब्जे से बरामद किया गया और आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया। नाबालिग से पूछताछ के बाद पंजीकृत अभियोग में धारा 366/376 आईपीसी व 5/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

# नरेन्द्र कैंतुरा बनें ट्रक यूनियन के अध्यक्ष

उत्तरकाशी : श्री काशी विश्वनाथ ट्रक एसोसिएशन की ओर से गुरुवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से नरेन्द्र कैंतुरा को यूनियन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। गुरुवार को जोशियाड़ा में श्री काशी विश्वनाथ ट्रक एसोसिएशन की एक बैठक संरक्षक शराफत कुरैशी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी वाहन स्वामियों ने अपनी समस्यायें रखी और संगठन से उसके निस्तारण की मांग की। जिस पर नव नियुक्त अध्यक्ष कैतुंरा ने सभी वाहन स्वामियों को आश्वस्त किया कि जल्द ही प्रशासन से वार्ता कर समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र उनियाल ने कैंतुरा को अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और संगठन की गतिविधियों से रूबरू करवाया। उनियाल ने बताया कि कैंतुरा अनुभवी व्यक्ति हैं और इससे पूर्व संयुक्त यातायात समिति के अध्यक्ष पद पर रहे चुके हैं। (एजेंसी)

### दो गुना कमाई का झांसा देकर ठग लिए 50 हजार

देहरादून। फेसबुक पर फ्रेंड बनी महिला ने निवेश पर दो गुना कमाई का झांसा देकर 50 हजार रुपए ठग लिए। ठगी को लेकर अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय निवासी ओम विहार माजरी माफी की तहरीर पर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कहा कि कल्याणी उम्र 29 वर्ष निवासी चेन्नई करीब आठ महीने पहले फेसबुक पर उनके साथ जुड़ी। आरोप है कि उसने कमाई का झांसा देकर पीड़ित को चूना लगाया। एसओ नेहरू कॉलोनी मोहन सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com